

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,रविवार 11 जनवरी 2026 ■ माघ कृष्ण पक्ष-8 ■ वर्ष -41 ■ अंक-283 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 12 जनवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


# गजनी से लेकर औरंगजेब तक इतिहास में दफन हो गए, सोमनाथ वहीं खड़ा है: मोदी

## देश में आज भी मंदिर पुनर्निर्माण का विरोध करने वाली ताकतें मौजूद

**गांधीनगर,11 जनवरी।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री मोदी शौर्य य़ात्रा में शामिल हुए। इसके बाद सोमनाथ मंदिर पहुंचकर पूजा की। पूजा के बाद पीएम मोदी ने सभा को संबोधित किया। 1000 साल पहले हमलावरों को लगा था कि वे जीत गए है। गजनी से लेकर औरंगजेब तक इतिहास में दफन हो गए, लेकिन सोमनाथ पर भगवा ध्वज आज भी शान से लहरा रही है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने विदेशी आक्रांताओं के हमलों, उनके विरुद्ध संघर्ष करने वाले वीरों के बलिदान और सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा मंदिर के पुनर्निर्माण की नींव रखे जाने के ऐतिहासिक योगदान का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को यहां 108 अश्वों के साथ निकाली गई शौर्य यात्रा में शिरकत की। यह शोभा यात्रा सोमनाथ मंदिर की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अनगिनत वीर योद्धाओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से निकाली गई थी, जो शौर्य, साहस और बलिदान का प्रतीक माना जाता है। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और एक जनसभा को संबोधित किया। पहुंचे पीएम मोदी ने कहा कि 1 हजार साल पहले आतताई सोच रहे थे कि वे जीत गए हैं, लेकिन आज भी सोमनाथ मंदिर में फहरा रही धव्जा बता रही है कि हिंदुस्तान की शक्ति क्या है। दुर्भाग्य से आज भी हमारे देश में वे ताकतें मौजूद हैं, जिन्होंने सोमनाथ के पुनर्निर्माण का विरोध किया था। जब (1951 में) सरदार पटेल ने



सोमनाथ के पुनर्निर्माण की शपथ ली तो उन्हें भी रोकने की कोशिश की गई। पीएम ने सद्भावना ग्राउंड में रैली को संबोधित करते हुए आगे कहा कि हमें आज भी सावधान रहना है, एकजुट रहना है। ऐसी ताकतों से सावधान रहना है, जो हमें बांटनें की कोशिशों में लगी हुई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को लेकर कहा कि इस आयोजन में गर्व है, गरिमा है, गौरव है और इसमें गरिमा का ज्ञान भी है. इसमें वैभव की विरासत है, इसमें अध्यात्म की अनुभूति है, अनुभूति है, आनंद है, आत्मीयता है और देवाधिदेव महादेव का आशीर्वाद है। पीएम मोदी ने कहा कि 72 घंटों तक अनवरत ओंकार नाद, 72 घंटों का अनवरत मंत्रोच्चार। मैंने देखा, कल रात 1000 ड्रोन द्वारा, वैदिक गुरुकुलों के 1000 विद्यार्थियों की उपस्थिति, सोमनाथ के 1000 वर्षों की गाथा का प्रदर्शन और आज 108 अश्वों के साथ मंदिर तक शौर्य यात्रा, मंत्रों और भजनों की अद्भुत प्रस्तुति सब कुछ मंत्र-मुग्ध कर देने वाला है। इस अनुभूति को शब्दों में अभिव्यक्त नहीं किया जा सकता, इसे केवल समय ही संकलित कर सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब गजनी से लेकर औरंगजेब तक तमाम आक्रांता सोमनाथ पर हमला कर रहे थे, तो उन्हें लग रहा था कि उनकी तलवार सनातन सोमनाथ को जीत रही है। लेकिन वे मजहबी कट्टरपंथी यह नहीं समझ पाए कि जिस सोमनाथ को वे नष्ट करना चाहते थे, उसके नाम में ही सोम अर्थात् अमृत जुड़ा हुआ है। उसमें हलाहल को पीकर भी अमर रहने का विचार जुड़ा है। उसके भीतर सदाशिव महादेव के रूप में वह चैतन्य शक्ति प्रतिष्ठित है, जो कल्याणकारक भी है और प्रचंड तांडवः शिवः यह शक्ति का स्रोत भी है। गजनी से औरंगजेब तक सोमनाथ पर हमला करने वाले तमाम आक्रांता इतिहास के चंद पन्नों में दफन होकर रह गए, लेकिन चिर-चिरातन सोमनाथ मंदिर सागर के तट पर उसी तरह तनकर खड़ा है।

## संक्षिप्त-समाचार

### जंबूरी : नाइट हाइक में 8 राज्यों के 485 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**बालोद,11 जनवरी।** जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम दुधली में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी 2026 के उद्घाटन दिवस के अवसर पर रात्रिकालीन नाइट हाइक कार्यक्रम का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम ने जंबूरी में शामिल रोवर-रेंजरों को साहस, अनुशासन और आत्मविश्वास से भरने का अवसर प्रदान किया. नाइट हाइक कार्यक्रम की संचालक सुरेखा श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस रात्रिकालीन हाइक में देश के विभिन्न राज्यों से आए कुल 485 रोवर-रेंजर और सीनियर स्काउट-गाइड्स ने सहभागिता की. इस गतिविधि में प्रतिभागियों ने एक रात्रि का निर्धारित मार्ग तय करते हुए टीम भावना और नेतृत्व कौशल का परिचय दिया.नाइट हाइक के दौरान प्रतिभागियों द्वारा कुकुर मंदिर का भी भ्रमण किया गया. इस भ्रमण के माध्यम से रोवर-रेंजरों को क्षेत्र की स्थानीय संस्कृति, धार्मिक आस्था एवं प्राकृतिक वातावरण को नजदीक से जानने का अवसर मिला, जिससे उनके अनुभव में और अधिक समृद्धि आई. इस नाइट हाइक कार्यक्रम में झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश के रोवर-रेंजर और सीनियर स्काउट-गाइड्स ने भाग लिया. विभिन्न राज्यों के युवाओं की सहभागिता ने 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' की भावना को सशक्त रूप से प्रतिबिंबित किया.

### ईरान पर कभी भी हमला कर सकता है अमेरिका

**तेहरान,11 जनवरी।** गंभीर आर्थिक संकट के बीच शुरू हुआ ईरान में प्रदर्शन अब सर्वोच्य नेता अली खामेनेई और इस्लामी शासन के खिलाफ हो गया है। ईरान में खामेनेई सरकार के खिलाफ जनता ने बगावत कर दी है। पूरे ईरान में पिछले 16 दिन से लोग भारी संख्या में सड़कों पर उतरे हैं और प्रदर्शन कर रहे हैं। ईरान में 8 जनवरी से पूरे देश में इंटरनेट बंद होने के बावजूद, सरकार विरोधी प्रदर्शनों के केंद्र राजधानी तेहरान समेत सभी शहरों में बड़ी संख्या में लोग लोग डटे हुए हैं। इसी बीच बड़ी खबर आई है कि अमेरिका कभी भी ईरान पर हमला कर सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हमला करने पर विचार कर रहे हैं। वहीं बढ़ते प्रदर्शन को कुचलने के लिए खामेनेई सरकार भी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सख्त रुख अपना लिया है। ईरान के अटॉर्नी जनरल मोहम्मद मोवाहेदी आजाद ने चेतावनी दी है कि प्रदर्शन में शामिल लोगों को 'खुदा का दुश्मन' माना जाएगा, जिसके तहत मौत की सजा दी जा सकती है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के हवाले से दावा किया जा रहा है कि अमेरिका ईरान पर हमला करने पर विचार कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप प्रशासन ईरान के सैन्य ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले (एयरस्ट्राइक) के विकल्पों पर विचार कर रहा है। हालांकि, अभी तक किसी एक रणनीति पर सहमति नहीं बनी है। अमेरिकी अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल किसी भी तरह की सैन्य तैनाती या हथियारों की आवाजाही नहीं की गई है। यह योजना केवल संभावित परिस्थितियों के लिए तैयार की जा रही है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, ऐसी रणनीतिक योजना बनाना राष्ट्रीय सुरक्षा प्रक्रिया का सामान्य हिस्सा है। इसका यह अर्थ नहीं है कि अमेरिका जल्द ही ईरान पर हमला करेगा।

### हम जेएनयू में ही उनकी ही कब्र खोद देंगे: सुरेंद्र गुप्ता

**नई दिल्ली,11 जनवरी।** दिल्ली दंगा-2020 मामले में सुप्रीम कोर्ट से शरजील इमाम और उमर खालिद की जमानत याचिका खारिज होने के बाद 5 जनवरी को जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय यानी जेएनयू में वामपंथी छात्रों ने 'मोदी-शाह तेरी कब्र खुदेगी' नारे लगाए थे। आपत्तिजनक नारों के विरोध में शनिवार बजरंग दल ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ का कार्यक्रम रखा। इसमें विश्व हिंदू परिषद यानी वीएचपी के दिल्ली प्रांत के तमाम पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंचे वीएचपी के दिल्ली प्रांत मंत्री सुरेंद्र गुप्ता ने 'मोदी-शाह तेरी कब्र खुदेगी' नारे लगाने पर भड़कतते हुए कहा कि जेएनयू में जिन लोगों ने कहा कि कब्र खोदेंगे, उनकी हम जेएनयू में ही कब्र खोद देंगे। वे घर तक नहीं जा पाएंगे। वीएचपी नेता सुरेंद्र गुप्ता ने कहा कि उनके मुंह पर कालिख पोत कर गधे पर बिठाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि जो भी जिहादी यहां आए उनकी कब्र सनातन ने खोदी है.

# केंद्र सरकार पास्को एक्ट में 'रोमियो-जूलियट' क्लॉज लाने पर विचार करे: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,11 जनवरी।** अदालत ने उन मामलों में पास्को एक्ट का गलत इस्तेमाल होने की बात को स्वीकार किया, जहां रिश्ता आपसी सहमति से होता है लेकिन एक पक्ष तकनीकी रूप से नाबालिग होता है। सुप्रीम कोर्ट ने सुझाव दिया है कि केंद्र सरकार पास्को एक्ट में 'रोमियो-जूलियट' क्लॉज लाने पर विचार करे। शीर्ष अदालत ने यह सुझाव इसलिए दिया है कि ऐसा होने से उन किशोरों को आपराधिक मुकदमों से छूट मिल सकेगी जो आपसी सहमति से रिश्ते बनाते हैं। भले ही उनकी उम्र 18 साल से कम हो और उनके बीच उम्र का अंतर काफी कम हो। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक फैसले से जुड़े मामले में दिए गए फैसले में यह बात कही। यह धारा कहती है कि उम्र पहले मैट्रिक या किसी समकक्ष प्रमाण पत्र के आधार पर तय की जाएगी, ऐसा न होने पर नगर निगम या पंचायत द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र को माना जाएगा। अगर ये दस्तावेज नहीं होते हैं तब ही ऑसिफिकेशन टेस्ट जैसे किसी मेडिकल टेस्ट का आदेश दिया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने पॉक्सो एक्ट के गलत इस्तेमाल का संज्ञान लिया है. सुको ने इस पूरे मामले को लेकर चिंता जाहिर करते हुए केंद्र सरकार सुझाव दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश उत्तर प्रदेश से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान दिया. इस मामले में हाई कोर्ट द्वारा नाबालिग लड़की से यौन उत्पीड़न के आरोपी को जमानत दे दी गई थी. सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि साथ ही सहमति से संबंध बनाने वाले किशोरों को आपराधिक अभियोजन से छूट दी जा सके, भले ही वे सहमति की उम्र 18 वर्ष से कम हों और उनके बीच उम्र का मामूली अंतर हो. ऐसे कानूनों के दुरुपयोग का बार-बार न्यायिक संज्ञान लिए जाने के मद्देनजर, इस फैसले की एक प्रति भारत सरकार के विधि सचिव को भेजी जाए. ताकि इस खतरे को रोकने के लिए संभव कदम उठाए जा सकें, जिनमें अन्य बातों के अलावा, वास्तविक किशोर संबंधों को इस कानून के शिकंजे से छूट देने वाला एक रोमियो-जूलियट क्लॉज शामिल करना, उन व्यक्तियों पर मुकदमा चलाने में सक्षम एक तंत्र बनाना जो इन कानूनों का उपयोग करके हिसाब बराबर करने की कोशिश इत्यादि करते हैं.

# छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को बड़ी सौगात

## महंगाई भत्ता 55% से बढ़ाकर 58%

**रायपुर,11 जनवरी।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के अधिकारी–कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का ऐलान किया है। विष्णु देव साय ने राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के अष्टम प्रदेश अधिवेशन में यह महत्वपूर्ण घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों के हितों की रक्षा और आर्थिक मजबूती के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। इसी कड़ी में राज्य के अधिकारी–कर्मचारियों को अब केंद्र सरकार के समान भत्ते दिए जाएंगे। इसके तहत महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत से बढ़ाकर 58 प्रतिशत कर दिया गया है। मुख्यमंत्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि कर्मचारियों की भूमिका राज्य के विकास और प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ है। उनकी मेहनत और समर्पण को देखते हुए सरकार ने यह निर्णय लिया है, ताकि बढ़ती महंगाई के बीच कर्मचारियों को अतिरिक्त राहत मिल सके। राज्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों ने इस घोषणा का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह फैसला कर्मचारियों के आर्थिक संबल को मजबूत करेगा और कार्यक्षमता में भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा। सरकार के इस निर्णय से राज्य के लाखों अधिकारी–कर्मचारियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और उनकी मासिक आय में वृद्धि होगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# एलडीएफ-यूडीएफ का खेल अब खत्म होगा : अमित शाह

**त्रिवेंद्रम,11जनवरी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को केरल में स्थानीय निकायों के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी



का लक्ष्य साफ कर दिया। उन्होंने कहा कि केरल में बीजेपी का सफर आसान नहीं था, लेकिन समर्पित कार्यकर्ताओं के दम पर पार्टी ने आज एक मजबूत पहचान बनाई है। शाह ने स्पष्ट किया कि बीजेपी का अंतिम लक्ष्य केवल जीत नहीं, बल्कि केरल में अपनी सरकार बनाना और भाजपा का मुख्यमंत्री लाना है।

शाह ने केरल की मौजूदा राजनीति पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य इस वक्त एलडीएफ और यूडीएफ की 'मिलीभगत' के कारण ठहराव के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दोनों पार्टियों ने बारी-बारी से सत्ता में आकर भ्रष्टाचार करने का गुप्त समझौता कर लिया है। उनके अनुसार, केरल का भविष्य इन दोनों के साथ सुरक्षित नहीं है, क्योंकि वे राज्य की परंपराओं और विकास की रक्षा करने में विफल रहे हैं। अमित शाह ने पार्टी की बढ़ती ताकत के आंकड़े पेश करते हुए बताया कि 2014 में बीजेपी का वोट शेयर 11% था, जो 2019 में 16% और 2024 में बढ़कर 20% के पार पहुंच गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि जिस तरह पार्टी ने दो सीटों से शुरू करके केंद्र में तीसरी बार सरकार बनाई और असम जैसे राज्यों में जीत हासिल की, वही इतिहास केरल में भी दोहराया जाएगा।

# क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर 3.80 करोड़ रुपए की ठगी

**भिलाई,11 जनवरी।** क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर 3.80 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को सुपेला थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी निवेशकों को हर माह 6 प्रतिशत मुनाफे का लालच देकर लोगों को झांसे में लिया और निवेश कराकर एक ऐप के माध्यम से इंडियन करेंसी को डॉलर में कन्वर्ट करता था। कुछ माह तक निवेशकों को मुनाफा दिया और मूलधन अपने पास ही रखा। इसके बाद अपना दफ्तर बंदकर भाग गया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नोट गिनने की मशीन भी बरामद की है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( ग्रामीण ) मणीशंकर चन्द्रा ने बताया कि 9 अक्टूबर को सुपेला थाने में प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि शांतिनगर निवासी हार्दिक कुदेशिया से मार्च 2025 में मिला था। उस दौरान स्वयं को ट्रेडिंग करना एवं अपने निवेशकों को प्रतिमाह 6 प्रतिशत प्रतिमाह ब्याज दिलाना बताया था तथा प्रार्थी को भी अच्छा मुनाफा मिलने का प्रलोभन देकर रकम निवेश करने कहने पर प्रार्थी ने



20 लाख रुपए विभिन्न माध्यम अपने तथा अपने पिता अनुराग के खाता में आनलाइन व नगद दिया। इसके बाद अप्रैल से अक्टूबर 2025 तक ब्याज की राशि मिलती रही और उसके बाद ब्याज मिलना बंद हो गया। प्रार्थी जब नेहरु नगर दफ्तर पहुंचा तो वह बंद मिला। आसपास के लोगों ने बतया कि हार्दिक कई लोगों का पैसा निवेश कराकर भाग गया है। रिपोर्ट पर सुपेला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 318 (2),318 (4),3 (5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। ने बताया कि आरोपी हार्दिक कुदेशिया ने सन 2024 में फायनेंस अप इंवेस्टर एंड कन्सलटेन्सी के नाम से नेहरू नगर अग्रसेन चैक के पास ऑफिस खोला। अपने साथी के माध्यम से निवेश करने वालों से इकरारनामा तैयार कराकर निवेशक जितना रुपए लगाते थे उसमें 6 प्रतिशत प्रतिमाह मुनाफा निवेशकों देता था। अपने साथी जो रुपए निवेश कराने लाते थे,उन्हे 3 प्रतिशत मुनाफा लेता था। लोगों ने बैंक व नगद के माध्यम से पैसा लगाया जाता था। रुपए को बैंक आफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, इंडसइंड बैंक के खातो में रुपए को लेता था। आरोपी ने अपने मोबाइल के प्ले स्टोर ऐप से बाइनेस एप्प डाउनलोड कर बाइनेस एप्प से ट्रेड के दौरान भारतीय रुपए को बाइनेस ऐप के माध्यम से विदेश डॉलर में तब्दील कर क्रिप्टो करेंसी में ट्रेड करता था। ट्रेड से प्राप्त लाभविंत डालर को पुनः ऐप के ही माध्यम से भारतीय रुपए में तब्दील कर सीधे आरोपी अपने अलग -अलग बैंक के खातो में प्राप्त करता था.

जसवंत क्लाडियस

## 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जी की जन्म तिथि

# खेल आध्यात्मिक, मानसिक, शारीरिक दृढ़ता के लिए जरूरी

इस जगत के सभी मनुष्यों ने जीवन में खेल के महत्व को सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है। खेलकूद का अंत जय या पराजय होता है। लेकिन उसका प्रभाव जीवन में गहरा होता है। खिलाड़ी मैदान में प्रतिद्वदी से भिड़ने के लिए उतरता है तो सबसे पहले वह ईश्वर से संघर्ष करने की कौशलता और मुकाबला करने में सक्षम होने की प्रार्थना करता है। बाद में तकनीक और रणनीति के बदलाव के साथ विपक्ष की चुनौती को स्वीकार करता है। अतः खेल प्रतिस्पर्धा में आध्यात्म का विशेष महत्व होता है।

भारत के महान युवा सम्राट स्वामी विवेकानंद जी भी खेलकूद के लिए आध्यात्म को महत्व देते हैं। बहुत कम लोगों को मालूम है कि स्वामी जी खुद एक अच्छे क्रिकेट खिलाड़ी थे। एक उदाहरण का उल्लेख इतिहास में मिलता है जब ब्रिटिश टीम के विरुद्ध स्थानीय भारतीय क्रिकेट टीम की ओर से खेलते हुए आज से करीब 138 वर्ष पूर्व कोलकाता के ईडन गार्डन मैदान में सात अंग्रेज बल्लेबाजों को आऊट किया था। इस तरह उन्होंने साबित किया कि दो राष्ट्रों की टीम के बीच होने वाले मुकाबले के द्वारा राष्ट्रवाद की भावना उदय होती है तथा प्रतिद्वंदी को पराजित करने से आत्मबल मिलता है।



स्वामी विवेकानंद जी के खेलकूद के बारे में अलग से कोई स्पष्ट विचार नहीं मिलता हैं परंतु उनके भाषणों और लेख आदि के संग्रह से स्पष्ट हो जाता है कि वे यह मानते थे कि खेल में भागीदारी से व्यक्ति ज्यादा आध्यात्मिक होता है। उन्होंने कहा जब आप प्रार्थना करते हैं तो आप बहुत सारी चीजें सोच सकते हैं परंतु जब आप फुटबाल में किक मारते हैं तो पूरी एकाग्रता से ऐसा करते हैं और एकग्रता के द्वारा आप जल्द से जल्द ईश्वर के नजदीक पहुंच जाते हैं। अतः खेल आपके भीतर यह समझ लाता है कि सफलता के लिए सहभागिता का क्या महत्व है?विवेकानंद जी ने कहा खेलकूद की प्रतियोगिता में सफलता के लिए मजबूत शरीर और स्वस्थ मस्तिष्क का होना जरूरी है। जो कि आध्यात्मिक ज्ञान के द्वारा प्राप्त हो सकता है। इसी वजह से खेल के मैदान में एक दूसरे का सामना करने से एकाग्रता, अनुशासन तथा वीरता को सीखने का अवसर मिलता है। स्वामी के विचार इस दिशा में एकदम साफ था कि युवाओं को शारीरिक मजबूती के लिए खेलों को अपनाना चाहिए क्योंकि शारीरिक शक्ति के बिना व्यक्ति आध्यात्मिक ऊंचाईयां को नही पा सकता है। विवेकानंद जी चाहते थे कि प्रत्येक युवा को साहसी और अनुशासन का पालन करने वाला होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गीता के संदेश को समझने के लिए फुटबाल मैच का बहुत अर्थ होता है क्योंकि ऐसे मुकाबले उन्हें वीरता और त्याग का भाव सिखाते हैं। स्वामी जी शिक्षा में व्यायाम,खेलकूद के साथ भजन और ध्यान को शामिल करने के पक्षधर थे। युवाओं को खेलकूद में प्रतिभागी होने पर वे जोर देते थे क्योंकि उनका मानना था कि खेल जीवन को आनंदमय और तनावमुक्त बनाता है जिससे व्यक्ति सीमाओं से ऊपर उठकर जीने की कला सीखते हैं। अतः हम कह सकते हैं कि स्वामी विवेकानंद के लिए खेल सिर्फ मनोरंजन नहीं बल्कि युवाओं में आध्यात्म की भावना को बढ़ावा देता है उन्हें मानसिक रूप से साहसी बनाता है तथा जीवन में अनुशासन के के महत्व को समझाता है। इन गुणों के होने से युवा को जीवन के गहरे अर्थों को समझने और लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलती है।

### रफ्तार का कहर, रेसिंग ने ली नाबालिग की जान

**बिलासपुर,11 जनवरी।** तेज रफ्तार और बाइक रेसिंग का जुनून एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ है। शहर में स्टंटबाजी और फर्राटेदार बाइक चलाने का खौफनाक अंजाम सामने आया है, जहां एक नाबालिग युवक की दर्दनाक मौत हो गई। रविवार सुबह करीब 7 बजे सकरी थाना क्षेत्र के आसमा सिटी के पास एक तेज रफ्तार R15 बाइक अनियंत्रित हो गई। बाइक पहले पान ठेले से टकराई और फिर सीधे नाले में जा गिरी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक अपने साथियों के साथ रेसिंग कर रहा था और बेहद तेज गति में बाइक चला रहा था।हादसे में जान गंवाने वाले युवक की पहचान 16 वर्षीय प्रेम कुमार सिंह, निवासी राजकिशोर नगर, सरकंडा के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।यह पूरी घटना सकरी थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

# आदिवासी कन्या आश्रम में बालिकाओं को दी गई महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों की जानकारी




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 11 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक धमेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह बघेल सर एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय आशीष शुक्ला सर, उप पुलिस अधीक्षक अंजू कुमारी मैडम, उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर सर के निर्देशानुसार महिला थाना कवर्धा द्वारा 10 जनवरी को आदिवासी कन्या आश्रम भोरमदेव थाना भोरमदेव जिला कबीरधाम में महिला सुरक्षा पर जन जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम गया।आश्रम में उपस्थित बालिकाओं को सुरक्षा के बारे में विस्तृत पूर्वक जानकारी दी गई, बाल विवाह, साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी व ऑनलाइन ठगी होने पर 1930 के बारे में बताया गया, पोक्सो एक्ट, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ एवं गुड टच बैड टच, अभिव्यक्ति एप, पीड़ित क्षतिपूर्ति, टोनही प्रताड़ना, नशा मुक्ति और यातायात नियमों के पालन जैसे विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।आश्रम में उपस्थित बालिकाओं को महिलाओं के ऊपर हो रहे अपराधों के बारे में जानकारी दी गई, बच्चों को पुलिस आपका मित्र है, पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए है बताया गया।कार्यक्रम में महिला थाना कवर्धा से निरीक्षक भुवनेश्वरी राठौर, सउनि विजया कैवत, सउनि देमन टेकाम, प्रधान आरक्षक फ्लेंद्र देशमुख, आर चंद्रशेखर चंद्राकर, महिला .आर रजनी टोप्पो, थाना भोरमदेव स्टाफ व छात्रावास अधीक्षक माया दरों, सुरक्षा गार्ड मुनेश्वरी साहू उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### कवर्धा में बहुत कम लोग पहन रहे है हेलमेट, चिंतनीय विषय



**कवर्धा, 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कबीरधाम जिले में बहुत कम लोग हेलमेट पहन रहे है जो की चिंतनीय विषय है। भोरमदेव शक्कर कारखाना पूर्व डायरेक्टर लक्की चंद्रवंशी, उद्योगपति चंद्रशेखर चंद्रवंशी, राइस मिलर्स संचालक आनंद चंद्रवंशी, बिजनेसमैन सुखनंदन चंद्रवंशी ने सभी दुपहिया वाहन चालकों से विनम्र अपील की हेलमेट अवश्य पहनिए। यातायात प्रभारी अजयकांत तिवारी ने भी सभी वाहन चालकों से विनम्र अपील की हेलमेट अवश्य पहने क्योंकि हेलमेट सुरक्षा कवच है।

### यातायात नियम के प्रति लोगों में दिखी जागरूकता



**कवर्धा, 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कबीरधाम जिले में कार चलाने वालो में दिख रही है यातायात नियमों के प्रति जागरूकता। सुबह सुबह तरुण छत्तीसगढ़ ने देखा की अधिकतर कार चलाने वाले शीट बेल्ट पहनकर कार चलाते हुए दिखे। ऐसा देखकर कहा जा सकता है की कार चालकों में शीट बेल्ट पहनने के प्रति जागरूकता दिख रही है।

## एक नजर

### हाइवा की चपेट में आने से शिक्षिका की मौत




**रानीतराई, 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रानीतराई थाना क्षेत्र के भखारा (कुरुद) जाने वाले मार्ग में ग्राम कौही के पुल के पास हाइवा के चपेट में आने से एक महिला शिक्षिका की मौत हो गई इस मामले में रानीतराई थाने पुलिस ने मर्ग कायम कर कर विवेचना कर रही है रानीतराई प्रभारी कमल सिंह सेंगर ने बताया कि शिक्षिका मधुबाला चंद्राकर पति भातेंद्र चंद्राकर (48) ग्राम बगौद (कुरुद) की रहने वाली है। वह अपने आमालोरी (पाटन) अपने वाहन स्कूटी से जा रही थी कि ग्राम कौही के पुल के पास रानीतराई की ओर से जा रही हाइवा की चपेट में आ गई। इसकी सूचना उसके पति भातेंद्र चंद्राकर को मिलते ही तुरंत घटना स्थल पहुंचा। इसके बाद कार के माध्यम से पाटन अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया शिक्षिका के दो बच्चे हैं कायम कर विवेचना में लिया है इधर हाइवा ड्राइवर वाहन के साथ थाना पहुंच गया पुलिस ने ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है

### रंगबाजी दिखाने सड़क पर काटा केक, नाबालिग पर मामला दर्ज

**भिलाई, 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छावनी थाना अंतर्गत सोशल मीडिया पर अपनी रंगबाजी दिखाने के लिए देर रात बीच सड़क पर कटर से केक काटने का वीडियो वायरल हुआ। इसमें नाबालिग मार्ग बाधित कर जश्न मनाने दिखाई दिए छावनी थाना पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर धारा 126 (2), 191(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। छावनी पुलिस ने कैम्प-02 स्थित बैकुण्ठ धाम तालाब के नाबालिग बर्थ डे पार्टी मनाने सार्वजनिक मार्ग पर वाहन खड़ा कर गाड़ी के बोनट पर केस रख रखा था इस दौरान युवकों ने हाथ में कटर लेकर हथियारों का प्रदर्शन करते हुए पटाखों की आतिशबाजी की।

### घर के आंगन से 75 कट्टा धान चोरी कर ले गए अज्ञात चोर

**भिलाई, 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नंदिनी थाना क्षेत्र के किसान के घर से अज्ञात चोर ने घर के आंगन से 75 कट्टा धान चुरा ले गए घटना के 20 दिन बाद शिकायत पर पुलिस ने धारा 305 (ए) के तहत अपराध दर्ज किया है नंदिनी पुलिस ने बताया कि ग्राम लहंगा निवासी जयप्रकाश जोशी (36) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह खेती किसानी का काम करता है वह अफ्ने साथ खाना खाकर सो गया सुबह करीब 6 बजे उठकर देखा तो घर आंगन मे बने शेड मे रखा करीबन 75 कट्टा धान कुल 26.25 क्विंटल कीमती 81, 375 गायब मिली।

### साइबर फ्रॉड के मामले में भिलाई पुलिस ने दिल्ली के युवक को दिया नोटिस

**भिलाई, 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** साइबर फ्राड मामले में दिल्ली की पुलिस भिलाई पहुंची सुपेला थाने पुलिस के सहयोग से पूरी जांच के बाद एक युवक को नोटिस थमाकर शनिवार को लौट गई। पुलिस ने बताया कि दिल्ली पुलिस के तीन अधिकारी सुपेला थाने पहुंचे साइबर फ्रॉड मामले में युवक के बारे में तहकीकात की पूरी जांच में सुपेला पुलिस ने सहयोग किया।

### ठेठवार समाज के प्रतिनिधिमंडल को वित्तमंत्री चौधरी ने अधिवेशन में आने दिया आश्वासन



**उतई, 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दुर्ग राज ठेठवार (यादव) समाज के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को वितमंत्री ओपी चौधरी से उनके निवास शंकर नगर रायपुर में मुलाकात की प्रतिनिधि मंडल में शामिल दुर्ग राज ठेठवार (यादव) समाज के अध्यक्ष राजकुमार यादव, लोक गायक खुमान सिंग यादव, गणेश यादव, जनपद सदस्य एवं सभापति दुर्ग गोपाल यादव, चंदखुरी के क्षेत्रीय सामाजिक पंच कृष्णा यादव ने मंत्री चौधरी को दुर्ग राज ठेठवार समाज के द्वारा आयोजित वार्षिक अधिवेशन दिनांक 8 फ़रवरी में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किये।

# नशीली दवाओं के साथ 4 गिरफ्तार

## आरोपियों से 412 नग प्रतिबंधित टेबलेट, 3 मोबाइल, नगदी रकम व बाइक सहित 1,37,200 का सामान जब्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 11 जनवरी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन विश्वास के तहत उतई थाने पुलिस ने धान खरीदी केंद्र में नशे की टेबलेट और गोलियों की सप्लाई करने वाले चार युवकों को गिरफ्तार किया आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 412 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट, 03 मोबाइल, नगदी रकम एवं मोटरसाइकिल सहित कुल 137200 रुपए का सामान जब्त किया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि सूचना मिली कि ग्राम सेलूद धान मंडी के पास 02 लड़के और 01 लड़का नीले रंग के मोटर सायकल में है जो अपने पास नशीली टेबलेट रखकर ब्रिकी कर रहे हैं। एसीसीयू एवं उतई पुलिस के द्वारा सूचना तस्दीक एवं कार्रवाई के लिए ग्राम सेलूद धान मंडी के पास पहुंचकर मुखबीर के बताये हुलिया अनुसार 03 व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया।

नाम पता पूछने पर (1) त्रिलोकी यादव निवासी ग्राम सेलूद थाना उतई (2) चेमन विश्वकर्मा पता इंदिरा नगर कुरूद थाना धमतरी (3) हकीम खान पता इंदिरा नगर कुरूद थाना धमतरी का होना बताया गया संदेहियों तथा उनकी मोटर सायकल (सीजी 05 एएल 4236) की तलाशी ली आरोपी त्रिलोकी यादव के पास से 2 पत्ता प्रतिबंधित नशीली टेबलेट एवं आरोपी चेमन विश्वकर्मा एवं हकीम खान के कब्जे से बाइक में रखे प्लास्टीक बोरी के अंदर से कुल 364 नग टेबलेट बरामद की।

## मोटरसाइकिल चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 11 जनवरी।** पुलिस ने एक ऐसे वाहन चोर गिरोह को पकड़ा है जिसने उतई थाना क्षेत्र में एक बाइक और रायपुर के विभिन्न स्थानों से चार वाहनों की चोरी की है। आरोपियों के कब्जे से पांच वाहन जब्त किया है। पुलिस ने इस मामले में दो नाबालिग समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी वाहन में पेट्रोल खत्म हो जाने से मरोदा रेल्वे स्टेशन में खड़ी कर देते थे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि रवि कुमार देशलहरे (25 साल) निवासी राइस मिल के पास ग्राम तिलोदा थाना रनचिरई जिला बालोद ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह सिकोलाभाठा से तिलोदा अपने मोटर साइकिल से जा रहा था आसपास उमरपोटी तालाब के पास पहुंचा था। टायलेट करने के लिए अपनी मोटर साइकिल को तालाब किनारे खड़ाकर टायलेट करने चला गया। जब वापस आकर देखा तो उसकी मोटर साइकिल गायब थी। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज कर विवेचना किया। प्रकरण की विवेचना के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि बाजार चौक उतई में कुछ लड़के अपने पास रखे मोटर साइकिल को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं सूचना पर तत्काल एसीसीयू एवं उतई पुलिस ने बाजार चौक उतई पहुंच कर संदेहियों को घेराबंदी कर हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर 4 जनवरी को 1 मोटर साइकिल बजाज प्लसर को चोरी करना तथा 3 सफेद रंग की स्कूटी एवं 1 होण्डा साइन मोटर साइकिल को रायपुर के विभिन्न स्थानों से चोरी कर वाहन में पेट्रोल खत्म हो जाने से मरोदा रेल्वे स्टेशन में खड़ी कर देना बताया गया। आरोपी आशीष चतुर्वेदी (20 वर्ष) निवासी शक्ति नगर दुर्ग थाना मोहन नगर एवं दो नाबालिग की निशादेही पर चोरी का मोटर साइकिल तथा स्कूटी को बरामद किया गया है।

## मानस गान एवं जस झांकी के कार्यक्रम में इंद्रजीत सिंह हुए शामिल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 11 जनवरी।** माँ सरस्वती एवं रामायण उत्सव समिति, कोहका भिलाई द्वारा आयोजित दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता में हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के डायरेक्टर एवं सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू विशेष रूप से सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने आयोजन समिति सहित समस्त नगरवासियों को आयोजन की सफ्लता हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस दौरान सर्व समाज कल्याण समिति के महासचिव मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष जोगा राव, राम हिंदरिया सहित समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इसी क्रम में नवयुवक जस झांकी आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासी, जुनवानी द्वारा आयोजित दो दिवसीय देवी जस गायन एवं झांकी प्रतियोगिता कार्यक्रम में भी इंद्रजीत सिंह छोटू शामिल हुए। उन्होंने आयोजन समिति, नगरवासियों, माता-बहनों एवं युवाओं को कार्यक्रम के सफ्ल आयोजन हेतु शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में सर्व समाज कल्याण समिति के महासचिव मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष जोगा राव, शाहनवाज कुरैशी, राम हिंदरिया, सुनील यादव सहित समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं आयोजन समिति की ओर से अध्यक्ष हिमांशु यादव, योगेश साहू, उपाध्यक्ष जय कुमार यादव, हितेश साहू, रूपेश साहू, किशन पटेल, लुकेश यादव, प्रमोद यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# आयुक्त ने की एसएलआरएम सेंटर में महिलाओं के योगदान की सराहना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 11 जनवरी।** नगर निगम के जोन-1 अंतर्गत उद्यान एवं एसएलआरएम (सॉलिड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट) सेंटर का निरीक्षण निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने किया। निगम आयुक्त ने नेहरू नगर स्थित योगा उद्यान का निरीक्षण उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू के साथ किया। उन्होंने उद्यान की साफ्सफई व्यवस्था का अवलोकन किया तथा उपस्थित कर्मचारियों से चर्चा कर रोपित पौधों में पर्याप्त सिंचाई एवं बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात आयुक्त द्वारा नेहरू नगर पूर्व स्थित एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण किया गया। सेंटर में कार्यरत महिलाओं द्वारा वेस्ट से बेस्ट एवं ब्यूटीफिकेशन के तहत किए गए कार्यों की सराहना की गई। सेंटर परिसर में निर्मित एवं संचालित फव्वारा आकर्षण का केंद्र रहा। नागरिकों द्वारा घरों से दिए गए पुराने कपड़ों से महिलाओं द्वारा झोला एवं अन्य उपयोगी सामग्री तैयार की जा रही है। एसएलआरएम सेंटर परिसर में महिलाओं द्वारा मिट्टी के दीयों से वर्टिकल रूप में ÷एसएलआरएम÷ लेखन एवं सजावट की गई है, जो देखने में अत्यंत आकर्षक है। कचरे की छंटाई के लिए नई मशीन स्थापित की गई है तथा ठोस अपशिष्ट पृथक्करण हेतु निर्माण एवं मशीन स्थापना का कार्य प्रगतिरत है, जिससे भविष्य में अपशिष्ट प्रबंधन और अधिक सुदृढ़ होगा। निरीक्षण के दौरान शौचालय का भी अवलोकन किया गया, जो साफ्सुथरा एवं व्यवस्थित पाया गया। संपूर्ण व्यवस्था में सुधार देखकर निगम आयुक्त ने सेंटर में कार्यरत महिलाओं की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया तथा भविष्य में और बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, क्रिस्टोफ्र पॉल सहित एसएलआरएम समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

### उल्लेखनीय योगदान देने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया



**भिलाई, 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में शाबाश श्रेणीङ्क2 अर्धवार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 10 जनवरी को संयंत्र भवन में किया गया। समारोह के माध्यम से संयंत्र की उत्पादकता, सुरक्षा एवं उत्कृष्ट कार्य निष्पादन में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने पुरस्कार विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान कर उनके समर्पण, प्रतिबद्धता एवं उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन की सराहना की।

### रन फॉर सेल 24 जनवरी को भिलाई में

**भिलाई, 11 जनवरी।** सेलङ्कभिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा सेल स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रन फॉर सेल 24 जनवरी को प्रातः 08 बजे से जयंती स्टेडियम, इंदिरा प्लेस में 5 किलोमीटर पैदल चाल-दौड़ का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों का पंजीकरण 12 से 22 जनवरी तक क्रीड़ा कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तथा अपराह्न 04 बजे से 06 बजे तक जयंती स्टेडियम में किया जाएगा।

## विश्व शांति के लिए वैश्विक लोकतांत्रिक नेतृत्व की आवश्यकता : प्रकाश शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 11 जनवरी।** वर्तमान समय में विश्व अभूतपूर्व चुनौतियों के दौर से गुजर रहा है। सशस्त्र संघर्ष, मानवीय संकट, जलवायु अस्थिरता तथा राष्ट्रों के बीच बढ़ता अविश्वास मानवता के भविष्य पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर रहे हैं। यह स्पष्ट हो चुका है कि केवल राष्ट्रीय स्तर के प्रयास इन वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए पर्याप्त नहीं हैं। गणितज्ञ वैज्ञानिक प्रकाश कुमार शर्मा ने एक जारी बयान ने इस पर चिंता जताते हुए कहा है कि मानवता के इस निर्णायक क्षण में यह आवश्यक हो गया है कि एक वैश्विक लोकतांत्रिक व्यवस्था पर गंभीरता से विचार किया जाए। इस व्यवस्था के अंतर्गत विश्व के सभी देशों के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतदान प्रक्रिया के माध्यम से राष्ट्रपति तथा दो प्रधानमंत्रियों का चयन करें। यह वैश्विक नेतृत्व किसी भी राष्ट्र की संप्रभुता को कमजोर नहीं करेगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय समन्वय, संवाद और सामूहिक उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करेगा। प्रस्तावित व्यवस्था का उद्देश्य युद्ध की रोकथाम, विवादों का शांतिपूर्ण समाधान, मानवीय मूल्यों की रक्षा तथा सतत विकास को बढ़ावा देना है। ऐसा नैतिक एवं सहयोगात्मक नेतृत्व वैश्विक स्तर पर विश्वास बहाली और स्थायी शांति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। प्रकाश कुमार शर्मा ने संयुक्त राष्ट्र से अपील किया है कि वह विश्व शांति, मानव सुरक्षा और समृद्ध भविष्य के व्यापक हित में इस गैर-बाध्यकारी, दूरदर्शी एवं विचारोत्तेजक प्रस्ताव पर अंतरराष्ट्रीय विमर्श को प्रोत्साहित करे, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और सहयोगपूर्ण विश्व का निर्माण किया जा सके।

# प्रदेश शिक्षक फेडरेशन विकासखंड पाटन का पुनर्गठन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**उतई, 11 जनवरी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन विकासखंड पाटन का पुनर्गठन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य थि छ.ग. प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, विशिष्ट अतिथि द्वय-पांताधाक्ष चंद्रशेखर चंद्राकर, प्रांत कोषाध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्राकर, विशेष अतिचि भानुप्रताप यादव जिलाध्यक्ष छ.ग तृतीय कर्मचारी संघ, महेन्द्र कुमार साहू कार्यकारी प्रांताध्यक्ष छ.ग पंचायत सचिव संघ एवं अन्य विशेष अतिथि के रूप में के के बछोर संरक्षक छ.ग प्रदेश शिक्षक फेडरेशन, पवन कामड़े, महेन्द्र वर्मा जिला सचिव एवं मोरध्वज वर्मा प्राचार्य शास.उ.मा.वि. भिलाई 3 की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता गोपेन्द्र कुमार साहू प्रधानपाठक शास.पू. मा. शाला अखरा पाटन, के द्वारा किया गग्ण। संचालन छ.ग प्रदेश शिक्षक फेडरेशन दुर्ग संभाग महामंत्री चंचल कुमार द्विवेदी के द्वारा किया गया। विकासखंड स्तरीय पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। जिसमें प्रदीप कुमार वर्मा शिक्षक शास. पूर्व मां. शाला खम्हरिया को अध्यक्ष नियुक्त किया गया, उपाध्यक्ष द्वय खिलेन्द्र कुमार साहू शिक्षक निपानी, हरिशंकर देवांगन शिक्षक भनसुली, कोषाध्यक्ष शेषनारायण साहू शिक्षक पन्दर, सहकोषाध्यक्ष गौतम साहू शिक्षक कुर्मीगुण्डरा, सचिव सुशील साहू शिक्षक परसदा, सहसचिव द्वय सुश्री करूणा पटेल शिक्षिका चुलगहन, दरबार सिंह साहू शिक्षक पन्दर, मीडिया प्रभारी सलाहकार पत्राचार लक्ष्मीकांत तिवारी शिक्षक भनसुली, संगठन प्रभारी पूर्णेश्वर यादव शिक्षक गब्दी, श्रीमती ममता साहू शिक्षिका सिपकोना एवं प्रवक्ता द्वय रोहित अहीर शिक्षक मर्रा व तोरण कुमार साहू नियुक्त किये गए। साथ ही चंचल कुमार द्विवेदी जिला कार्यकारी अध्यक्ष जिला दुर्ग के लिए मनोनीत किया गया। उक्त कार्यक्रम में पाटन विकासखंड के शिक्षक फेडरेशन के सभी सदस्य गण उपस्थित रहें।

### प्रियदर्शिनी परिसर में पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन

**भिलाई, 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रियदर्शिनी परिसर (पूर्व) में पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन आज रविवार को किया जाएगा। यह निर्णय विकास समिति की कार्यकारिणी बैठक में समिति अध्यक्ष जे. एन. तिवारी की अध्यक्षता में लिया गया। आयोजन नेताजी पार्क, अंडरब्रिज के पास किया जाएगा। प्रातः नाश्ते के उपरांत गणेश वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कॉलोनी के बच्चों एवं मातृ शक्तियों द्वारा गायन, नृत्य, फैंसी ड्रेस, नाटक तथा विभिन्न प्रकार के खेल प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम के मध्य सामूहिक भोज (लंच) की भी व्यवस्था रहेगी। सायं 4:30 बजे विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया जाएगा, इसके पश्चात हाई-टी के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। प्रियदर्शिनी परिसर विकास समिति के नेतृत्व में आयोजित यह कार्यक्रम अपने 18वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है।

### निधन

#### एम. एम. मिश्रा

**भिलाई, 11 जनवरी।** पूर्व भारतीय सैनिक एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत्त कर्मी श्री एम. एम. मिश्रा का 10 जनवरी शनिवार को 83 वर्ष की आयु में रीवा में निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। स्वर्गीय मिश्रा का अंतिम संस्कार 11 जनवरी रविवार को प्रातः 11 बजे उनके गृह ग्राम महमूदपुर, रीवा में किया गया। मिश्रा अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे भिलाई मजदूर संघ यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, कृष्ण कुमार मिश्रा, इंद्रमणि प्रसाद मिश्रा एवं सत्यनारायण मिश्रा के पिता थे।



## सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र ने किया विश्व हिंदी दिवस पर समारोह का आयोजन

# हिंदी को वैश्विक मंच पर और अधिक सशक्त बनाने की जरूरत : पवन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई, 11 जनवरी।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार व विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी जे. एन. ठाकुर उपस्थित रहे। महाप्रबंधक प्रभारी (संपर्क व प्रशासन एवं जनसंपर्क) अमूल्य प्रियदर्शी ने पुस्तक भेंट कर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया।

स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत कर ते हुए महाप्रबंधक (संपर्क व प्रशासन, जनसंपर्क एवं प्रभारी राजभाषा) राजीव कुमार ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र ने हिंदी के प्रचार-प्रसार की दिशा में सदैव सकारात्मक एवं अनुकरणीय योगदान दिया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक प्रयासों के माध्यम से भविष्य में भी हिंदी के क्षेत्र में नई उपलब्धियां अर्जित की जाएंगी तथा सभी से आह्वान किया कि भिलाई इस्पात संयंत्र में हिंदी की गरिमा एवं प्रतिष्ठा को निरंतर उच्च स्तर पर बनाए रखने हेतु अपना सक्रिय योगदान देते रहें। मुख्य अतिथि पवन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी में संवाद एवं कार्यालयीन कार्य करना गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय को हिंदी का प्रयोग आत्मसम्मान एवं आत्मविश्वास के साथ करना चाहिए तथा हिंदी को राष्ट्रीय स्तर से आगे बढ़ाकर वैश्विक मंच पर और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए। हिंदी भाषा पर केंद्रित काव्य पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें आमंत्रित कवियों के रूप में विजेन्द्र कुमार वर्मा, सुश्री गरिमा चन्द्रा, तथा डॉ. श्रुति तिवारी ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी द्वारा किया गया।

# महतारी वंदन योजना : आर्थिक संबल से आत्मनिर्भरता तक महिलाओं के सशक्तिकरण की कहानी

**रायपुर, 11 जनवरी।** छत्तीसगढ़ में महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता, आत्मसम्मान और समाज में उनकी निर्णायक भूमिका को सुदृढ़ करने की दिशा में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रारंभ की गई महतारी वंदन योजना आज महिला सशक्तिकरण की एक प्रभावी और दूरगामी पहल के रूप में उभर रही है। यह योजना न केवल महिलाओं को नियमित आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाते हुए स्वरोजगार और आजीविका के नए अवसरों से भी जोड़ रही है।

योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये की निश्चित सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की जा रही है। अब तक राज्य की लाखों महिलाओं को 23 किश्तों में कुल 14,948 करोड़ 34 लाख रुपये की राशि प्रदान की जा चुकी है। इस नियमित सहयोग से महिलाओं की घरेलू



खर्चों की चिंता कम हुई है, आत्मविश्वास बढ़ा है और वे आर्थिक निर्णयों में सक्रिय भूमिका निभाने लगी हैं।

महतारी वंदन योजना का सबसे सकारात्मक पहलू यह है कि महिलाएं इस सहायता राशि का सदुपयोग कर छोटे-छोटे व्यवसाय प्रारंभ कर रही हैं। जांजगीर-चांपा जिले के चांपा नगर के वार्ड क्रमांक 02 की निवासी श्रीमती उर्मिला यादव ने हर माह मिलने वाली राशि को बचाकर आर्टिफिशियल गहनों का व्यवसाय शुरू किया। आज वे घर से तथा साप्ताहिक हाट-बाजारों में गहनों का विक्रय कर प्रतिमाह लगभग 2,000 रुपये की अतिरिक्त आमदनी अर्जित कर रही हैं।

इसी तरह चांपा की श्रीमती ज्योति कसेर ने योजना की सहायता से पापड़ व्यवसाय प्रारंभ किया, जिससे उन्हें प्रतिमाह लगभग 5,000 रुपये का लाभ हो रहा है। इससे वे अपने परिवार की शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को सहजता से पूरा कर पा रही हैं। ग्राम सरहर की श्रीमती सुमित्रा कर्ष ने श्रृंगार सामग्री की दुकान शुरू कर लगभग 1,000 रुपये प्रतिमाह की अतिरिक्त आय अर्जित की, जबकि श्रीमती कुसुम देवी पाण्डेय ने अपनी श्रृंगार दुकान का विस्तार कर अब हर महीने 2,000 रुपये का मुनाफा प्राप्त कर रही हैं।

यह योजना मजदूरी और सीमित आय पर निर्भर परिवारों के लिए भी आर्थिक सुरक्षा का आधार बन रही है। कबीरधाम जिले के ग्राम मझगांव की निवासी श्रीमती सतरूपा गंधर्व, जो मजदूरी पर निर्भर परिवार से हैं, को अब तक योजना के तहत 23 किश्तों में 23,000 रुपये प्राप्त हो चुके हैं। वे बताती हैं कि इस राशि से बच्चों की पढ़ाई, घरेलू जरूरतें और व्यक्तिगत

आवश्यकताएं आसानी से पूरी हो पा रही हैं। नियमित सहायता से अब वे कुछ बचत भी कर पा रही हैं, जिससे आकस्मिक खर्चों की चिंता समाप्त हो गई है।बलरामपुर जिले के ग्राम रघुनाथनगर की साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाली श्रीमती ओमलता भी इस योजना से लाभान्वित होकर स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ी हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में स्थायित्व, सम्मान और आत्मविश्वास लाने वाली पहल है। नियमित आर्थिक सहायता से महिलाएं परिवार की आवश्यकताओं में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं और आर्थिक निर्णयों में उनकी भागीदारी बढ़ी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र महिला तक समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। महतारी वंदन योजना आज केवल एक आर्थिक सहायता कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं के सपनों, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सशक्तिकरण की मजबूत आधारशिला बन चुकी है। यह योजना प्रदेश की महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का अवसर दे रही है ।

## एक नजर

### रेल्वे लाइन में लाश मिलने से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप

**भाटापारा 11 जनवरी।** रविवार सुबह करीब 4 बजे सुबह हथबंद भाटापारा रेल्वे अप लाईन मे कि.मी. क्रमांक 771 23/25 के पास अप लाईन मे एक लाश मिली जिसका सर धड से अलग था रेल्वे लाईन मे लाश मिलने से आसपास के क्षेत्र मे हडकंप मच गया घटना के संबंध मे जानकारी देते हुए आरपीएफपोस्ट प्रभारी एस.के.शुक्ला ने बताया सुबह 4 बजे हथबंद स्टेशन मास्टर और रायपुर कंट्रोल रूम से जानकारी मिली कि एक लाश हथबंद के पास अप लाईन के बीचोबीच पडी हुई है आरपीएफ पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची जहाँ देखा तो उन्हे एक लाश धड से सिर अलग पडा मिला जिसका धड घटना स्थल पर था किन्तु उसका सिर वहां से गायब था केवल बाडी ट्रेक पर पडी हुई थी शुक्ला ने बताया जिस समय यह बाडी उस ट्रेक पर मिली उस समय अप लाईन मे ट्रेक सुधार के नाम पर रात एक बजे से सुबह 5:30 बजे तक रेल लाईन को ब्लॉक किया गया था वही मृतक के दाहिने हाथ मे गोदना से अंग्रेजी मे जी.के.जोशी लिखा हुआ मिला वहीं दूसरी ओर यह संभावना जताई जा रही है कि आसपास देखने मे यही लग रहा है कि उसके सिर को धड से अलग कर उसे करीब 50 मीटर घसीटते हुए ट्रेक मे लाकर डाल दिया गया है वहीं दूसरी ओर कटे हुए सिर की खोजबीन जारी है लेकिन कहीं भी उसके सिर का पता नही चल सका है इस घटना को देखते हत्या की संभावना जतायी जा रही है घटना की गंभीरता को देखते हुए हथबंद थाना और एसडीओपी भाटापारा के अलावा एफ एस एल की टीम को जानकारी दी गई है वही पुलिस मृतक के हाथ मे लिखे नाम से उसकी शिनाख्त करने मे जुटी हुई है।

### ग्राम टोहड़ा के स्कूल वार्षिक उत्सव में मंत्री टंक राम वर्मा हुए सम्मिलित

**तिल्दा नेवरा 11 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा के ग्राम टोहड़ा स्थित शा. उच्च. मा. विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा शामिल होकर विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई मनमोहक प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य स्वाति वर्मा नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित थे विद्यालय परिवार ओर जनभागीदारी समिति ने ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों के सहयोग से स्वागत कर मंत्री का अभिनंदन किया गया।

### 3 शराब कोचिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 11 जनवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेलप्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 09.01.2026 को ÷समाधान सेल÷ में प्राप्त सूचना के आधार पर चौकी करहीबाजार की पुलिस टीम द्वारा ग्राम करहीबाजार में घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचियों से ?5000 कीमत मूल्य का 50 पाव देशी मसाला शराब एवं अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल क्रमांक ष्टत्र22 छ्व4412 जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध चौकी करहीबाजार में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# गुड गवर्नेंस कागजों पर नहीं, बल्कि जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव और अधिकारियों के काम-काज में दिखना चाहिए: सीएम साय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 11 जनवरी।** गुड गवर्नेंस कागजों पर नहीं, बल्कि जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव और अधिकारियों के काम-काज में दिखना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी नवा रायपुर में आयोजित मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार 2025-26 कार्यक्रम को सम्बोधित करतेभुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सुशासन एवं अभिसरण विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार 2025-26 में सुशासन एवं नवाचारों के लिए 5 विभागों एवं 5 जिलों को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने ई-प्रगति पोर्टल का भी शुभारंभ किया, जिसके माध्यम से अब छत्तीसगढ़ के सभी विभागों के 25 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की निगरानी की जाएगी। इस पोर्टल के माध्यम से निर्माण की मंजूरी से लेकर बजट, मजदूरी, भुगतान, एमआईएस, स्ट्रक्चर लेवल सहित सभी




पहलुओं की मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा मॉनिटरिंग की जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गुड गवर्नेंस का उद्देश्य यह है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को बुनियादी सेवाओं के लिए भटकना न पड़े। पंचायतों में शुरू किए गए अटल डिजिटल सेवा केंद्रों के माध्यम से ग्रामीणों को आधार, पेंशन, बैंकिंग और बिल भुगतान जैसी सुविधाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध हो रही हैं। हमारी सरकार ने तकनीकी नवाचारों के माध्यम से नागरिकों तक सुशासन की प्रभावी पहुँच सुनिश्चित करने के लिए अनेक पहल की हैं। इसी क्रम में आज ई-प्रगति पोर्टल का शुभारंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य राज्य की वृहद परियोजनाओं एवं योजनाओं के क्रियान्वयन को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध बनाना है। इस पोर्टल से योजनाओं की प्रगति का डेटा रियल-टाइम में उपलब्ध होगा। सभी विभागों, जिला प्रशासन तथा मुख्यमंत्री कार्यालय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। इससे राज्य में ई-गवर्नेंस को और मजबूती मिलेगी तथा नागरिकों को योजनाओं का लाभ समय पर और सहज रूप से प्राप्त हो सकेगा। उन्होंने सभी कलेक्टरों, सचिवों एवं संबंधित अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति को नियमित रूप से अपडेट करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमने देश का पहला सुशासन एवं अभिसरण विभाग बनाया है, जो सभी योजनाओं के समन्वय और प्रभावी क्रियान्वयन का केंद्र है। पिछले दो वर्षों में हमने 400 से अधिक नीतिगत सुधार किए, पुराने अनुपयोगी नियम-कानून समाप्त किए और कई में संशोधन किए। इन सुधारों से प्रदेशवासियों का जीवन सरल हुआ और प्रशासन अधिक कुशल बना। आज मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार के माध्यम से 5 जिलों और 5 विभागों के नवाचारी प्रयासों को सम्मानित किया गया है। इससे अच्छा कार्य करने वाले अधिकारी प्रोत्साहित होंगे।

## युवा उद्योगपति घनश्याम अग्रवाल का कबीर पंथ के अंतर्राष्ट्रीय संत शिरोमणी गुरुभूषण साहेब ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया सम्मान




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 11 जनवरी।** नगर के युवा उदयोग पति एवं गौशाला के संरक्षक घनश्याम अग्रवाल साहब जी , सदगुरू कबीर विश्व शांति मिशन, छत्तीसगढ़ संत संघठन के द्वारा आयोजित सदगुरू कबीर स्मृति महोत्सव में विशिष्ठ अतिथि के रूप में शामिल हुआ था , जहां पर उनके गौसेवा , धर्म प्रेम ,विशाल ह्दय , को देखते हुये परम पूज्य संत शिरोमणी गुरु द्व गुरूभूषण साहेब जी गुजरात के हाथों से प्रतिक चिन्ह भेट सम्मान किया गया। साथ में अतिथि के रुप में पहुंचे राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम, नरेंद्र मोदी विचार मंच छत्तीसगढ़ के प्रदेश महासचिव दास जी साहू , तिल्दा नेवरा तहसील अध्यक्ष मोहन दास साहू जी , का भी प्रतीक चिन्ह भेट कर सम्मान किया गया। विदित हो कि पिछले वर्ष तिल्दा नेवरा में सिहोर वाले परम संत प्रदीप मिश्रा जी का कार्यक्रम हुआ था , जिसका मुख्य सूत्रधार समाज सेवी घनश्याम अग्रवाल साहब जी थे। उक्त कार्यक्रम में गुजरात , कबीर मठ नादिया , दूधाधारी मठ रायपुर , पटेश्वर धाम जामडी पाट के अलावा अनेक प्रसिद्ध महान संतों ने घनश्याम अग्रवाल जी को उनके द्वारा किये जा रहे गौ माता की सेवा, धर्म प्रेम, समाज सेवा को देखते हुये प्रतिक चिन्ह भेट कर उन्हें इसी तरह संतो का खुब सेवा करते रहने का आशीर्वाद प्रदान किया गया।

## ग्राम बिटकुली में लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई

**बलौदाबाजार 11 जनवरी।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले में दिनांक 01.01.2026 से 31.01.2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 मनाया जा रहा है, जिसके तहत पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में श्री हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, श्री अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, निरीक्षक नरेश दीवान प्रभारी यातायात सिमगा, उपनिरी प्रियेश जान प्रभारी यातायात बलौदाबाजार के नेतृत्व में प्रति दिवस भीड़-भाड़ वाले चौक चौराहों, स्कूल कॉलेज मुख्य सड़क मार्ग आदि में विविध यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 कार्यक्रम के तहत आज दिनांक 10.01.2026 को यातायात शाखा बलौदाबाजार द्वारा यातायात जागरूकता कार्यकम ग्राम बिटकुली में किया गया। कार्यक्रम में यातायात जागरूकता के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि हेलमेट पहने व दुपहिया वाहन में 03 सवारी न चले, नशे की हालत में वाहन न चलावे सहित सीट बेल्ट लगाने की हिदायत देते ग्राम बिटकुली को हेलमेट वाला गांव बनाने की अपील की गई। सांथ ही यातायात नियमों के पालन संबंधी शपथ दिलवाया गया ग्राम के लोगो को' राहवीर योजना' के अंतर्गत सभी लोगो को घायलो की तत्काल मदद करने का अनुरोध करते शासन की योजना का लाभ के संबंध में अवगत कराया गया। कार्यक्रम में ग्राम के ही वरिष्ठ नागरिकों द्वारा अपने संबोधन में ग्रामवासियो को हेलमेट लगाने एवम एक्सीडेंट में घायल लोगो को तत्काल मदद करने की अपील करते प्रेरक उद्बोधन दिया एवं ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि श्री हेमंत कौशले द्वारा अपने गांव को प्रथम हेलमेट वाला गांव बनाने का आश्वासन दिया गया। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस की अपील सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का सदैव पालन आवश्यक है, इससे आमजनों द्वारा अनुशासित होकर वाहन चालन किया जाएगा, जिससे निश्चय ही यातायात दुर्घटनाओं में कमी आयेगी। जिले में सुरक्षित परिवहन के लिए आमजनों का भी परस्पर सहयोग अत्यंत आवश्यक है।




## शराब कोचियों के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 11 जनवरी।** धर्मनगरी में पुलिस के द्वारा अलग अलग प्रकरणों में 07 शराब कोचियों को अवैध शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार 10 जनवरी 2026 को अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध निम्न कार्यवाही की गई। जिसमें मुखबिर की सूचना पर आरोपी डोमेश्वर सिन्हा, पिता स्व. तिलक सिन्हा, उम्र 38 वर्ष, निवासी मुदगांव, थाना डोंगरगढ़, को ग्राम कुरुभाठ प्रज्ञागिरी पहाड़ी के पास हनुमान मंदिर के सामने रोड पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसके पास से 40 पाव सीजी अंग्रेजी शराब, होंडा एक्टिवा की जप्ती तो नेहरू कॉलेज के पास मंदिर जाने वाले रोड पर दो व्यक्तियों को मोटरसाइकिल से अवैध शराब परिवहन करते हुए पकड़ा गया। जिसमें तोषण राम वर्मा, पिता रवि लाल वर्मा, उम्र 32 वर्ष, थाना डोंगरगढ़,संगलू राम पनडोरा, पिता स्व. रतिराम पनडोरा, उम्र 46 वर्ष दोनों निवासी ग्राम मुंडेरी, थाना डोंगरगढ़ के पास से 32 पाव सीजी अंग्रेजी शराब सहित बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल की जप्ती बनाई गई। वहीं दूसरी ओर ग्राम कुरुभाठ रोड मोड़ के पास आरोपी सुमन विश्वकर्मा, पिता राजा राम विश्वकर्मा, उम्र 35 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 09, ग्राम मेढ़ा, थाना डोंगरगढ़ को पकड़ा गया। जिसके पास से 29 पाव सीजी अंग्रेजी शराब व सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल जप्त किया गया तो चौथे प्रकरण में ग्राम कुरुभाठ जाने वाले रोड पर दो आरोपियों को पकड़ा गया जिसमें घनश्याम यादव, पिता सुखलाल यादव, उम्र 30 वर्ष, निवासी तुमड़ीबोड़, थाना लालबाग व राजू नेताम, पिता सौखी लाल नेताम, उम्र 23 वर्ष, निवासी तुमड़ीबांध, थाना लालबाग के पास से 30 पौवा सीजी अंग्रेजी शराब व होंडा साइन मोटरसाइकिल जप्त किया गया। इधर छिरपानी सुलभ शौचालय, डोंगरगढ़ के पास आरोपी *कौशल साहू, पिता सुखधीर साहू, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम भोथली, थाना डोंगरगढ़ को अवैध शराब बिक्री करते हुए पकड़ा गया। जिसके पास से 10 पौवा सीजी अंग्रेजी शराब की जप्ती बनाकर 5 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34/2 के तहत व एक आरोपी के विरुद्ध 34/1 की धारा लगाकर न्यायालय पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये गए घनश्याम अग्रवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 11 जनवरी।** उपभोक्ताओं के अधिकारों की सुरक्षा के लिए समर्पित राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण संगठन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए तिल्दा नेवरा के प्रतिष्ठित उद्योगपति और समाजसेवी घनश्याम अग्रवाल को संगठन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह घोषणा संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर राकेश मिश्रा द्वारा पूरे विश्वास और सम्मान के साथ की गई। घनश्याम अग्रवाल की नियुक्ति से न सिर्फ संगठन को एक सशक्त नेतृत्व मिला है, बल्कि पूरेतिल्दा नेवरा में खुशी और गर्व का माहौल भी है। नव नियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल का सामाजिक क्षेत्र में गहरा योगदान रहा है। वे लंबे समय से विभिन्न जनहितकारी गतिविधियों, सामाजिक जागरूकता अभियानों और शहर के धार्मिक के कार्यों से जुड़े रहे हैं।, जिससे शहर की छवि में निखार आया। घनश्याम अग्रवाल की सामाजिक प्रतिबद्धता और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए संगठन को उम्मीद है कि वे इस नई भूमिका में उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा में निर्णायक



भूमिका निभाएंगे। दास जी साहू प्रदेश महा सचिव छत्तीसगढ़ ने कहा कि घनश्याम अग्रवाल जैसे समर्पित और दूरदर्शी व्यक्ति का संगठन से जुड़ना एक सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है, जो उपभोक्ता अधिकारों की लड़ाई को नई दिशा देगा। उपभोक्ता संरक्षण संगठन एक पैन इंडिया संगठन है, जो उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा हेतु निरंतर काम कर रहा है। संगठन ने देश भर में अपनी मजबूत उपस्थिति के साथ उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उनके गलत दुकानदारों, फर्मों और कंपनियों से बचाने का काम करती है। आपको बता दे की कि तिल्दा नेवरा में सिहोर वाले परम संत प्रदीप मिश्रा का शिव पुराण कथा हुआ था , जिसका जिसके आयोजक समाज सेवी घनश्याम अग्रवाल ही थे।

## कॉस्मो ट्रेड एंड बिल्ड फेयर एक्सपो-2026 का आयोजन

# विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में उद्यमियों की होगी महत्वपूर्ण भूमिका:मुख्यमंत्री साय

**रायपुर,11 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय विगत दिवस राजधानी रायपुर में रोटरी क्लब ऑफ कॉस्मोपॉलिटन रायपुर द्वारा आयोजित कॉस्मो ट्रेड एंड बिल्ड फेयर एक्सपो 2026 के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। व्यापार जगत की बेहतरी और ग्राहकों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जीएसटी दरों में कटौती की गई, जिसका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। जीएसटी रिफॉर्म्स से कई वस्तुओं की कीमत में कमी आई है। जीएसटी की प्रक्रिया को काफी सुगम बनाया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नई उद्योग नीति को देश-विदेश में सराहा जा रहा है। लगभग आठ लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव हमें प्राप्त हो चुके हैं। हर सेक्टर में



हमें ये निवेश प्रस्ताव मिले हैं जिनपर धरातल पर कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। प्रदेश में रोजगार सृजन पर हमारा विशेष फोकस है। नई उद्योग नीति में एक हजार से अधिक रोजगार प्रदान करने वाले उद्यमियों को विशेष इंसेंटिव प्रदान करने के प्रावधान किए गए हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में रोटरी क्लब और उद्यमियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। रोटरी क्लब उद्यम के साथ ही परोपकार का भी कार्य करता है। क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्य बहुत प्रशंसनीय हैं। ये बहुत खुशी की बात है कि यह एक्सपो मध्य भारत का सबसे बड़ा एक्सपो है, जिसमें 300 से अधिक स्टॉल हैं। इस विशाल आयोजन का लाभ निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ को मिलेगा।

रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ को लगभग 8 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। ये बहुत खुशी की बात है कि रोटरी क्लब द्वारा आयोजित इस एक्सपो का यह 16वां वर्ष है। रोटरी क्लब सेवा से जुड़ी एक संस्था है। रोटरी क्लब द्वारा पोलियो निर्मूलन के कार्य में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में मोबाइल आई क्लीनिक की एम्बुलेंस का लोकार्पण किया। उन्होंने विभिन्न सेक्टर्स में विशिष्ट योगदान दे रही 25 महिला उद्यमियों को सम्मानित किया और इन महिला उद्यमियों पर केंद्रित पुस्तक का विमोचन भी किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री राकेश चतुर्वेदी, श्री राम गर्ग सहित रोटरी क्लब ऑफ कॉस्मोपॉलिटन रायपुर के सदस्यगण व बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## ग्राम पासिद में मोटरसाइकिल चोरी करने वाले को किया गया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददात

**बलौदाबाजार 11 जनवरी।** प्रार्थी किशन लाल पटेल निवासी ग्राम करहीबाजार द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 08.01.2026 की रात्रि 08:00 बजे घरेलू काम से ग्राम पासिद गया हुआ था, जहां मोटरसाइकिल को मंदिर के पास खड़ा करके बस्ती तरफ चला गया। वापस आकर देखा तो उसकी मोटरसाइकिल ष्टत्र22 रू 9227 वहां पर नहीं था, जिसे कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 27/2026 धारा 303(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में चौकी करहीबाजार पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले अज्ञात आरोपी के संबंध में पता तलाश प्रारंभ किया गया। इस बीच पुलिस टीम द्वारा ग्राम पासिद में ग्राम वासियों एवं मोटरसाइकिल खड़ी किए गए स्थान के आसपास रह वासियों से विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसके आधार पर संदेही आरोपी सोन सिंह उर्फ मोनू ध्रुव को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा प्रार्थी की उक्त मोटरसाइकिल को चोरी करना स्वीकार किया गया। कि आरोपी की निशानदेही पर चोरी का मोटरसाइकिल क्र. ष्टत्र22 रू 9227 पुरानी इस्तेमाली कीमती लगभग ?15,000 बरामद किया गया है।

## आखिर पचास साल क्यों लग गए अतिक्रमण हटाने में

अवैध कब्जा तो अवैध कब्जा होता है। उसे हटाने में समय नहीं लगना चाहिए।यह आदर्श स्थिति है।सब जानते है कि सरकारी जमीन पर कब्जा करना अपराध है लेकिन सबसे ज्यादा कब्जा सरकारी जमीन पर ही किया जाता है क्योंकि सरकार भी किसी पार्टी की होती है, पार्टी में बहुत सारे लोग होते हैं।वह और उनके समर्थक समझते हैं कि सरकार हमारी है तो सरकारी जमीन भी तो हमारी हुई। हमारी जमीन तो इस पर कब्जा सरकार के लोग ही करेंगे, राजनीतिक दलों को वोट देने वाले ही करेंगे। सरकारी जमीन पर जो कब्जा करते हैं वह किसी न किसी राजनीतिक दल का वोट बैंक होते हैं। किसी न किसी राजनीतिक दल के विरोधी होते हैं। इसलिए सरकारें बदलती हैं तो बरसों पुराने अवैध कब्जे हटाने की शुरूआत भी होती है। कई बार कोई बरसों तक किसी राज्य में सत्ता में बना रहता है तो वह अपने वोट बैंक को बनाए रखना है, वोट बैंक को बढ़ाता भी है,किसी भी सरकारी जमीन पर वह गरीब लोगों को झोपड़ी बनाने को कहता है,सरकार अपनी होती है तो उनको वहां से हटाया नहीं जाता है, क्योंकि वह सत्तारूढ़ दल का वोट बैंक होता है।उस नगर का नाम उस राजनीतिक दल के किसी नेता के नाम पर रख दिया जाता है यानी यह साफ हो जाता है कि यह जो सरकारी जमीन पर बस्ती बसी है यह किस राजनीतिक दल का वोट बैंक है। इसको दूसरा दल बरसों बाद किसी राज्य में सत्ता में आता हैं तो बरसों बाद उस राज्य में अवैध कब्जे हटाए जाते हैं।क्योंकि उसको मालूम होता है कि पिछले सत्तारूढ़ दल के वोट कहां कहां पर हैं,सरकारी जमीन पर एक कब्जा कर वोट बैंक बनाता है तो दूसरा सरकारी जमीन पर कब्जा के नाम पर वोट बैंक को हटाने का काम करता है। झोपड़ियों में रहने वाले एक बार सरकारी जमीन पर कब्जा करते हैं तो उनको लगता है कि हर जगह सरकारी जमीन कब्जा करने योग्य है। ऐसे लोग सड़क किनारे ही की छोटी छोटी दुकान ठेले आदि में लगाते हैं। इससे हर राज्य की सड़क में हजारों ऐसी छोटी छोटी दुकाने दिख जाती हैं जो सरकारी जमीन पर कब्जा कर चलती रहती है। ऐसे लोग हर राज्य में सरकारी जमीन पर रहते भी है और सरकारी जमीन पर ठेला या दुकान लगाकर कुछ न कुछ काम भी करते हैं।सरकारी तंत्र में भ्रष्ट लोगों के लिए यह आय का जरिया होते हैं, इसलिए सरकारी तंत्र के लोगों को मालूम होने के बाद यह लोग सरकारी जमीन पर रहते हैं और सरकारी जमीन पर ही छोटा मोटा व्यवसाय करते हैं, उनको हटाने का प्रयास नहीं करते हैं। यानी जहां भी अवैध कब्जे सरकारी जमीन पर होते है तो उसमे राजनीतिक दलों के साथ सरकारी कर्मचारियों व अधिकारियों का सहयोग भी होता है। हर शहर में सरकारी जमीन का उपयोग करने और उस पर अवैध कब्जा कराने व उस अवैध कब्जे को बरकरार रखने के लिए एक पूरा तंत्र होता है।यह तंत्र तब मजबूत होता है जब किसी राजनीतिक दल की सरकार किसी राज्य में दस से बीस साल तक रहती है। ऐसी सरकार को बनाने में अवैध कब्जाधारियों का बड़ा सहयोग होता है, इसलिए सरकार अवैध कब्जे हटाने को सोचती तक नहीं है।ऐसे राजनीतिक दल किसी राज्य में होते हैं तो तब ही उस राज्य में सरकारी जमीन पर पचास साल तक लोग कब्जा किए रहते हैं और उनको हटाने कोई सरकार सोचती तक नहीं है। खबर पढ़ने को मिलती हैकि पुरानी दिल्ली के तुर्कमान गेट इलाके मे सरकारी जमीन पर से अवैध कब्जे पचास साल हटाए गए हैं।बहुत से लोगों को लगता है कि अवैध कब्जे हैं तो हटाने मे पचास साल लग जाए।किसी राज्य में अवैध कब्जे हटाने मे पचास साल लग जाए तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह कब्जे पहले नहीं हटाए जा सकते थे,बिलकुल हटाए जा सकते थे लेकिन सरकार ही जब अवैध कब्जों को बनाए रखना चाहती है तो राज्य से अवैध कब्जे से हटाए नहीं जा सकते। यही वजह है तुर्कमान गेट से अवैध कब्जे तब हटाए जा सके हैं जब अवैध कब्जों को हटाने की इच्छा रखने वाली सरकार सत्ता में आई है। बीस साल तक राज्य में आप की सत्ता रही, उसने अवैध कब्जों को बनाए रखा क्योंकि इसी में उसका राजनीतिक हित था। भाजपा सरकार कई दशक बाद सत्ता में आई है तो वह सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जे हटा रही है।

### जयंती

# स्वामी विवेकानंद: युवाशक्ति के जागरण का अमर स्वर

**सुनील कुमार महला**

हर वर्ष 12 जनवरी को भारत में राष्ट्रीय युवा दिवस (नेशनल यूथ डे) महान् आध्यात्मिक गुरू, युवा वक्ता,मार्गदर्शक, विचारक और राष्ट्रनिर्माता स्वामी विवेकानंद की जयंती के रूप में मनाया जाता है।आपका जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) में हुआ था। आपके बचपन का नाम नरेंद्रनाथ दत्त था तथा आपके पिता का नाम विश्वनाथ दत्त था,जो एक प्रसिद्ध वकील थे तथा माता का नाम भुवनेश्वरी देवी था,जो अत्यंत धार्मिक, विदुषी और संस्कारवान महिला थीं। आपकी माता ने आपका नाम 'वीरेश्वर' रखा था और आपको प्यार से वह 'बिली' कहकर पुकारती थीं।आपका जीवन संघर्षों से भरा था तथा अपने अपने 39 वर्ष के अल्प जीवन में लगभग 31 बीमारियों का सामना किया। जानकारी मिलती है कि आप चाय पीने के शौकीन थे।एक बार आपने स्वतंत्रता सेनानी बाल गंगाधर तिलक से विशेष रूप से 'मुगलई चाय' बनवाई थी। इतना ही नहीं, आपको खिचड़ी और तले हुए आलू (मसालेदार) भी बहुत पसंद थे। विवेकानंद बहुत ही मेधावी छात्र थे,जिनकी प्रारंभिक शिक्षा मेट्रोपोलिटन स्कूल से हुई थी।बाद में अपने प्रेसीडेंसी कॉलेज तथा जनरल असेंबलीज़ इंस्टीट्यूशन (वर्तमान स्कॉटिश चर्च कॉलेज) में अध्ययन किया। आपने दर्शनशास्त्र, तर्कशास्त्र, इतिहास, साहित्य, वेद, उपनिषद, तथा पाश्चात्य दर्शन का गहन अध्ययन किया। पाठकों को बताता चलूं कि अंग्रेज़ी के साथ-साथ संस्कृत और बंगला पर विवेकानंद जी की असाधारण पकड़ थी।आपका यह मानना था कि 'शिक्षा वह है जो मनुष्य का निर्माण करे और उसके चरित्र को मजबूत बनाए।' आपने एकबार कहा था -'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।' आपका यह कहना था कि-' शिक्षा मनुष्य के भीतर पहले से ही मौजूद पूर्णता की अभिव्यक्ति है।' आत्मविश्वास के बारे में आपका यह कहना था कि 'यदि आप खुद पर विश्वास नहीं करते, तो आप भगवान पर भी विश्वास नहीं कर सकते।' आपका यह मानना था कि 'शक्ति ही जीवन है और कमजोरी मृत्यु है।'बहुत कम लोग जानते हैं कि आप नास्तिकता की सीमा तक प्रश्न करते थे। वे प्रत्येक साधु से एक ही प्रश्न पूछते थे कि-'क्या आपने ईश्वर को देखा है?' इसी खोज ने उन्हें रामकृष्ण परमहंस तक पहुँचाया। उपलब्ध जानकारी के अनुसार सत्य की खोज में आपकी मुलाकात स्वामी रामकृष्ण परमहंस से हुई। परमहंस जी के प्रभाव में आकर ही आपने आध्यात्मिक मार्ग अपनाया था और बाद में आप स्वामी विवेकानंद के नाम से जाने गए।पाठकों को बताता चलूं कि विश्व में भारतीय दर्शन विशेषकर वेदांत और योग को प्रसारित करने में विवेकानंद की महत्त्वपूर्ण भूमिका है, साथ ही ब्रिटिश भारत के दौरान राष्ट्रवाद को अध्यात्म से जोड़ने में इनकी भूमिका महत्त्वपूर्ण मानी जाती है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि संन्यास लेने के बाद आपका नाम स्वामी विविदिशानंद था, लेकिन शिकागो जाने से ठीक पहले, खेतड़ी के महाराजा अजीत सिंह के सुझाव पर आपने अपना नाम बदलकर 'विवेकानंद' कर लिया था। कहते हैं कि एक बार अमेरिका में एक महिला आपके प्रवचनों से इतनी प्रभावित हुई कि उसने आपसे विवाह का प्रस्ताव रख दिया था। दरअसल उसने कहा था, 'मैं आपके जैसा ही तेजस्वी पुत्र चाहती हूँ, इसलिए आप मुझसे विवाह कर लें।'उस समय आपने मुस्कुराते हुए उत्तर दिया था कि, 'देवी, मैं तो संन्यासी हूँ, विवाह नहीं कर सकता। लेकिन आपकी इच्छा पूरी हो सकती है। आज से आप मुझे ही अपना पुत्र मान लीजिए। इस तरह आपको मेरे जैसा पुत्र भी मिल जाएगा और मेरा संन्यास भी बना रहेगा।' कहते हैं कि विवेकानंद जी का यह जवाब सुनकर महिला उनके चरणों में गिर गई थी। पाठकों को बताता चलूं कि प्रारंभ में आप रामकृष्ण परमहंस के विचारों से सहमत नहीं थे और तर्क और विवेक के आधार पर आप हर बात को परखते थे, लेकिन धीरे-धीरे रामकृष्ण परमहंस के अनुभवजन्य ज्ञान ने आपको भीतर से बदल दिया।अपने गुरु के देहांत के बाद, 1897 में आपने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, जिसका उद्देश्य 'परहित' और समाज सेवा के माध्यम से ईश्वर की प्राप्ति है। आप असाधारण स्मरण शक्ति के धनी थे तथा किसी पुस्तक को एक बार पढ़कर आप उसका सार याद रख लेते थे तथा कई बार तो आप पूरे पृष्ठ शब्दशः दोहरा देते थे। इतना ही नहीं,आप संगीत प्रेमी संन्यासी और युवा वक्ता थे। गौरतलब है कि 1893 के शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में आप सबसे कम उम्र के प्रतिनिधि थे। आपके पहले शब्द- 'सिस्टर्स एंड ब्रदर्स ऑफ अमेरिका' ने पूरे सभागार को भावविभोर कर दिया था।उस समय वहां 7000 लोग मौजूद थे।शिकागो में आपने हिंदू धर्म को सहिष्णुता और सार्वभौमिक स्वीकृति के धर्म के रूप में दुनिया के सामने रखा। आपने वर्ष 1894 में पहली 'वेदांत सोसाइटी' की स्थापना की तथा अपने पूरे यूरोप का व्यापक भ्रमण किया तथा मैक्स मूलर और पॉल डूसन जैसे प्रच्च्वादियों से संवाद किया।आपने भारत में अपने सुधारवादी अभियान के आरंभ से पहले निकोला टेस्ला जैसे प्रख्यात वैज्ञानिकों के साथ तर्क-वितर्क भी किये।एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार आपने जगदीश चंद्र बोस की वैज्ञानिक परियोजनाओं का भी समर्थन किया। इतना ही नहीं आपने आयरिश शिक्षिका मार्गरेट नोबल (जिन्हें उन्होंने 'सिस्टर निवेदिता' का नाम दिया) को भारत आमंत्रित किया, ताकि वे भारतीय महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने में सहयोग कर सकें।आपने ही जमशेदजी टाटा को भारतीय विज्ञान संस्थान और 'टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी' की स्थापना के लिये प्रेरित किया था। विदेशों में आज भी उनके बहुत से प्रशंसक हैं तथा उनका यह मानना था कि भारत का उद्धार केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक सेवा से होगा। वास्तव में उनकी यही सोच आगे चलकर रामकृष्ण मिशन की नींव बनी।आपने युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण, राष्ट्रसेवा और आध्यात्मिक चेतना का संदेश दिया। पाठकों को बताता चलूं कि उनके विचारों से प्रेरित होकर भारत सरकार ने 1984 में 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस घोषित किया था। इस दिन देशभर में युवा कार्यक्रम, संगोष्ठियाँ, भाषण, योग एवं प्रेरणात्मक गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं, ताकि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जा सके।आपका विचार था कि-'ब्रह्मांड की सारी शक्तियां पहले से ही हमारी हैं। वह हमीं हैं जिन्होंने अपनी आंखों पर हाथ रख लिया है और रोते हैं कि अंधेरा है।'आपका यह मानना था कि जितना बड़ा संघर्ष होगा, जीत उतनी ही शानदार होगी।आप कहां करते थे कि-' यह दुनिया एक महान व्यायामशाला है जहाँ हम खुद को मजबूत बनाने के लिए आते हैं।' आपका मानना था कि ईश्वर की सेवा का सबसे अच्छा तरीका मनुष्य की सेवा करना है, विशेषकर उन लोगों की जो गरीब और असहाय हैं।यहां यह भी उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी द्वारा सामाजिक रूप से शोषित लोगों को 'हरिजन' शब्द से संबोधित किये जाने के वर्षों पहले ही स्वामी विवेकानंद ने 'दरिद्र नारायण' शब्द का प्रयोग किया था, जिसका आशय था कि 'गरीबों की सेवा ही ईश्वर की सेवा है।' यह भी आपका ही विचार था कि-'उस व्यक्ति ने अमरत्व प्राप्त कर लिया है, जो किसी भी सांसारिक वस्तु से विचलित नहीं होता।'आपका कहना था कि अगर किसी देश के युवा जागरूक हों और अपने लक्ष्य के लिए पूरी निष्ठा से काम करें, तो वह देश हर बड़ी सफलता हासिल कर सकता है। आप कहते थे कि युवाओं को सफल होने के लिए मेहनती, समर्पित और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहना चाहिए। कहना ग़लत नहीं होगा कि वे युवाओं को केवल पढ़ाई या सोच में ही नहीं, बल्कि मन की मजबूती (आध्यात्मिक शक्ति) और शरीर की ताकत बढ़ाने के लिए भी प्रेरित करते हैं। अंत में यही कहूंगा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों का निष्कर्ष यह है कि राष्ट्र का उत्थान तभी संभव है जब उसके युवा चरित्रवान, आत्मविश्वासी और कर्तव्यनिष्ठ हों। वे शिक्षा को केवल ज्ञान अर्जन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का माध्यम मानते थे।आपने आध्यात्मिक शक्ति को जीवन की सबसे बड़ी ताकत बताया, जो मनुष्य को निर्भय और कर्मठ बनाती है।आपका यह मानना था कि कमजोर शरीर और कमजोर मन से कोई महान कार्य नहीं किया जा सकता। सेवा, त्याग और मानवता के कल्याण को उन्होंने सच्चे धर्म का आधार माना। आपके विचार आज भी युवाओं को जागृत होकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा देते हैं।बहुत कम लोग ही यह बात जानते होंगे कि आपने खुद यह भविष्यवाणी की थी कि आप 40 वर्ष की आयु पार नहीं करेंगे। उनकी यह बात सच साबित हुई और 4 जुलाई 1902 को मात्र 39 वर्ष की उम्र में आपने बेलूर मठ (पश्चिम बंगाल) में महासमाधि ली।





## सू- दोकू क्र.283

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.282 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -283

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 282 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## राशिफल

**मेष राशि**-आज आपको करियर में अच्छा उछाल देखने को मिलेगा, लेकिन आपके कुछ विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं। आपके ऊपर कुछ कर्जा था, तो उसे भी आप काफी हद तक उतार सकते हैं। सेहत के मामले में आपको थोड़ा ध्यान देना होगा, क्योंकि आपकी समस्याएं बढ़ने से आपका खर्चा भी अधिक होगा।

**वृषभ राशि**-आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप अपने कारोबार में कुछ योजनाओं की शुरुआत करेंगे, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। जीवनसाथी के लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। आप अपने काम को लेकर मेहनत अधिक करेंगे, लेकिन आपका स्वभाव में कुछ चिड़चिड़ापन रहेगा, जिससे परिवार के सदस्य नाराज हो सकते हैं।

**मिथुन राशि**-आज का दिन आपके लिए कुछ विशेष कर दिखाने के लिए रहेगा। आपको बिजली के उपकरणों से सावधान रहने की आवश्यकता है। सांसारिक सुख भोग के साधनों मे वृद्धि होगी और आपको काम अधिक रहने से आप थोड़ा परेशान भी रहेंगे। लेकिन आपकी संतान को नौकरी से संबंधित किसी काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है।

**कर्क राशि**-आज का दिन आपके लिए सुख साधनों की प्राप्ति के लिए रहेगा। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। पारिवारिक व्यवसाय में किसी बात को लेकर कड़वाहट चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं और अपने सामानों को किसी दूसरे के भरोसे ना छोड़ें। किसी दूर रह रहे परिजन से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं।

**सिंह राशि**-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। ऑफिस में आपके खिलाफ आज कोई पॉलिटिक्स रची जा सकते हैं, जिससे आपको सतर्क रहना होगा और अपने कामों को पूरी ईमानदारी से करने की आवश्यकता है। यदि आप किसी कहीं ट्रैवलिंग पर जाने की सोच रहे हैं, तो उसमें अपने माता-पिता से सलाह मशवरा अवश्य करके जाएं।

**कन्या राशि**-आज आपके सामने कुछ खर्च आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी और आप अपने भाई व बहनों से कुछ जरूरी कामों को लेकर बातचीत कर सकते हैं। यदि पैतृक संपत्ति संबंधित मामले में कोई लड़ाई झगड़ा लंबे समय से चल रहा था, तो वह भी दूर होगा।

**तुला राशि**-आज आपको अपने कामों को लेकर धैर्य व संयम बनाए रखना होगा। आपके मन में कुछ उलझन रहने से आप परेशान रहेंगे। यदि आपको कोई जिम्मेदारी मिले, तो उसको लेकर लापरवाही बिल्कुल ना दिखाएं और किसी से कोई वादा भी सोच समझ कर करें, क्योंकि आने वाले समय में आपको उसे पूरा करने में समस्या आ सकती हैं। भगवान की भक्ति में आपका खुब मन लगेगा और आप किस पूजा पाठ का भी आयोजन कर सकते हैं। आपको कुछ लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी।

**वृश्चिक राशि**-आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा। आपको अपने मेहनत का पूरा फल मिलेगा और लेन-देन से संबंधित मामलों में आपको थोड़ा सावधानी बरतने की आवश्यकता है, जो जातक नौकरी को लेकर इधर-उधर भाग दौड़ में लगे हैं, उन्हें भी कोई बेहतर अफसर हाथ मिलेगा। आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे और किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

**धनु राशि**-आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। नौकरी बदलने के आपके जो प्रयास है, वह आपके लिए बेहतर रहेंगे। रोजगार की तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे, जो आपको खुशी देंगे। आपको अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलना होगा। परिवार में बड़े बुजुर्गों की बातों को आप पूरा महत्व देंगे।

**मकर राशि**-आज का दिन आपके लिए प्रभाव व प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके कुछ नए प्रयास बेहतर रहेंगे। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी और माता जी की सेहत को लेकर आपको थोड़ा एहतियात बरतनी होगी। आप आज किसी के बहलाने फुसलाने में आकर कोई बड़ा जोखिम लेने से बचे, नहीं तो इससे बाद में आपकी समस्याएं बढ़ेंगी।

**कुंभ राशि** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको कोई नई जिम्मेदारी मिलने से आप काफी परेशान रहेंगे और संतान को आप कहीं बाहर घूमने फिरने भी लेकर जा सकते हैं। आप किसी मांगलिक उत्सव में जाने की तैयारी करेंगे, लेकिन यदि आपकी कोई डील लंबे समय से अटकी हुई थी, तो वह भी फाइनल हो सकती है, जो आपको खुशी देगी। भाई व बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। किसी संपत्ति की प्राप्ति भी हो सकती है।

**मीन राशि** आज का दिन आपके लिए धर्म कर्म के कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आप अपने पिताजी से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं और कुछ कामों को लेकर आपका मन विचलित रहेगा। पारिवारिक मामलों को आप अपने जीवनसाथी के साथ मिल बैठकर निपटाएंगे। आज आप अपने लिए कुछ नई चीजों की खरीदारी कर सकते हैं। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपका कोई काम यदि लंबे समय से पेंडिंग था, तो वह भी पूरा हो सकता है।

### विदेश

# ईरानी बहनें तोड़ रही बुर्का की जंजीरे, भारत में बढ़ रही है कट्टरता

**संजय सक्सेना,लखनऊ**

ईरान में इस्लामिक शासन के खिलाफ मुस्लिम महिलाओं का साहसी विद्रोह पूरी दुनिया को सोचने पर मजबूर कर रहा है, जहां कुरान के नाम पर थोपी गई बुर्का और नकाब जैसी परंपराओं के खिलाफ सड़कों पर आवाज़ उठ रही है। खामेनेई की तानाशाही वाली सरकार के सामने ईरानी महिलाएं बिना नारे लगाए, बिना हिंसा किए, बस सिर से दुपट्टा उतारकर सड़कों पर उतर आई हैं, जो महसा अमीनी की हिरासत में मौत के बाद 2022 से चला आ रहा आंदोलन अब 2025-2026 में और तेज हो गया है। यह बगावत न केवल ईरान तक सीमित है, बल्कि अरब और अन्य मुस्लिम देशों में भी बुर्का हटाने की हवा चल रही है, जबकि बांग्लादेश, पाकिस्तान और भारत जैसे स्थानों पर इसके पक्ष में कट्टरता बढ़ रही है। यह और बात है कि इन देशों के मुसलमानों को अरब जगत मुस्लिम मानने को ही नहीं तैयार होता है।

गौरतलब हो, ईरान को पूरी तरह इस्लामिक राष्ट्र कहा जाता है, जहां 1979 की क्रांति के बाद अयातुल्लाह खुमैनी ने कुरान आधारित शासन स्थापित किया और महिलाओं पर सख्त हिजाब अनिवार्य कर दिया। नैतिक पुलिस द्वारा सड़कों पर गश्त कर महिलाओं को पकड़ना और सजा देना आम हो गया, लेकिन 2022 में 22 वर्षीय महसा अमीनी की हिरासत में संदिग्ध मौत ने चिंगारी जला दी। उसके बाद लाखों महिलाओं ने सड़कों पर उतरकर दुपट्टा जलाया, बाल कटवाए और नारे लगाए, जिससे पूरे देश में आंदोलन फैल गया। हालिया समाचारों के अनुसार, दिसंबर 2025 में तेहरान और अन्य शहरों में महिलाएं खुलेआम बिना दुपट्टे के घूम रही हैं, जो सरकार को डरा रहा है। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने विवादास्पद हिजाब कानून को स्थगित कर दिया, लेकिन सर्वोच्च नेता खामेनेई के दबाव में सैन्य बल तैनात हैं। प्रदर्शनों में कम से कम छह मौतें हो चुकी हैं और दर्जनों गिरफ्तारियां हुई हैं, फिर भी महिलाओं का खामोश विरोध जारी है।

बहरहाल, यह आंदोलन सिर्फ ईरान का नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर इस्लाम के नाम पर थोपी गई कट्टरता के खिलाफ जागृति का प्रतीक है। अरब प्रायद्वीप से इस्लाम फैला, लेकिन अब सऊदी अरब जैसे देशों में महिलाओं को पहले से अधिक स्वतंत्रता मिल रही है, जहां अब पूर्ण बुर्का अनिवार्य नहीं। मध्य एशिया के मुस्लिम बहुल देशों में तेजी से बदलाव आ रहे हैं। कजाकिस्तान, जहां 70 प्रतिशत आबादी मुस्लिम है, ने 2025 में सार्वजनिक स्थानों पर बुर्का-नकाब पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया, जुर्माना 10 हजार से एक लाख रुपये तक। ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान ने पहले ही चेहरा ढकने वाले कपड़ों पर रोक लगा रखी है, ताकि धार्मिक कट्टरपंथ न फैले। कुल 16 से अधिक देशों ने बुर्का या नकाब पर कानूनी पाबंदी लगा दी है। यूरोपीय देशों में स्विट्जरलैंड ने 2021 के जनमत संग्रह में 51.21 प्रतिशत वोटों से 2025 में इसे लागू किया, जबकि फ्रांस, बेल्जियम, डेनमार्क, ऑस्ट्रिया, नीदरलैंड, बुल्गारिया, इटली और जर्मनी ने सार्वजनिक स्थानों पर चेहरा ढकने पर जुर्माना या जेल की सजा निर्धारित की। बेल्जियम में मात्र 300 महिलाएं ही बुर्का पहनती थीं, फिर भी 10 लाख मुसलमानों के बीच इसे प्रतिबंधित किया गया।

इसके विपरीत, दक्षिण एशिया में स्थिति उलटी है। बांग्लादेश, पाकिस्तान और भारत में, जहां इस्लाम स्थानीय रूप से फैला, वहां कट्टरता बढ़ रही है। भारत के बिहार में हाल ही में नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक महिला डॉक्टर का दुपट्टा हटाने पर विवाद हुआ, जिसके बाद पाकिस्तान तक से विरोध के सुर उठे।




बीजेपी नेता हरिभूषण ठाकुर ने कहा कि बुर्का पसंद है तो पाकिस्तान या बांग्लादेश चले जाएं। पाकिस्तान और बांग्लादेश में महिलाएं दुपट्टा या बुर्का पहनने को धार्मिक अधिकार बताकर प्रदर्शन कर रही हैं, जबकि वहां के सर्वेक्षणों में 60-70 प्रतिशत मुस्लिम महिलाएं इसे स्वैच्छिक बताती हैं, लेकिन कट्टर समूह दबाव बनाते हैं। भारत में कर्नाटक हिजाब विवाद के बाद स्कूल-कॉलेजों में बहस चली, जहां मुस्लिम छात्राओं ने पहनने पर जोर दिया। यह विरोधाभास दर्शाता है कि जहां मूल इस्लामिक केंद्रों में महिलाएं आजादी चाह रही हैं, वहीं यहां आयातित कट्टरता बुर्का को मजबूरी बना रही है। सऊदी अरब में भी महिलाएं ड्राइविंग और बिना नकाब के घूमने की मांग कर रही हैं। लेकिन दक्षिण एशिया में तस्वीर उलट है। यहां बांग्लादेश, पाकिस्तान और भारत में मुस्लिम महिलाएं उसी हिजाब या बुर्का को धार्मिक फर्ज बताकर प्रदर्शन कर रही हैं। पाकिस्तान में हाल ही में लाहौर और कराची की सड़कों पर महिलाओं ने जुलूस निकाले। वे कह रही हैं कि स्कूलों में हिजाब पहनना उनका संवैधानिक अधिकार है। वहां के सर्वे बताते हैं कि साठ से सत्तर प्रतिशत मुस्लिम महिलाएं इसे अपनी मर्जी से पहनती हैं। लेकिन कट्टर गुट दबाव बनाते हैं। पड़ोसियों की नजरें, मौलवियों की फतवे और सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग से कई लड़कियां मजबूर हो जाती हैं। बांग्लादेश में ढाका विश्वविद्यालय के परिसरों में छात्राओं ने हिजाब अनिवार्य करने की मांग की। वहां भी तहरीक-ए-तालिबान जैसे संगठन पीछे हैं। महिलाएं कहती हैं कि बिना हिजाब के पढ़ाई नहीं करेंगी। लेकिन गुप्त सर्वेक्षणों में पता चलता है कि आधी से ज्यादा लड़कियां इसे बोझ मानती हैं। फिर भी भीड़ का दबाव उन्हें चुप करा देता है। भारत में कर्नाटक का हिजाब विवाद तो चरम पर पहुंच गया। उदुपी के कॉलेजों में मुस्लिम छात्राओं ने कक्षा में घुसने से इनकार कर दिया। वे दुपट्टा या हिजाब के बिना परीक्षा नहीं देंगे, ऐसा हंगामा किया। प्रदर्शनकारियों के पीछे जमीयत उलेमा-ए-हिंद जैसे संगठन थे। कोर्ट ने फैसला दिया कि यूनिफॉर्म का पालन जरूरी है, लेकिन बहस थम नहीं रही। मंड्या, बीदर जैसे जिलों में स्कूलों के बाहर जुलूस हुए। छात्राओं के माता-पिता भी सड़क पर उतरे। वे चिल्ला रहे थे- हमारी बेटियों का धर्म सुरक्षित रखो। लेकिन सच्चाई यह है कि ग्रामीण इलाकों में कई लड़कियां डर से हिजाब पहनती हैं। पड़ोस के हिंदू-मुस्लिम तनाव में इसे ढाल बना लिया जाता है। उक्त देशों में यह प्रवृत्ति चिंताजनक है। जहां दुनिया महिलाओं को सशक्त बना रही है, वहां दक्षिण एशिया में कट्टरता उन्हें पुराने जंजीरों में जकड़ रही। सर्वे बताते हैं कि ज्यादातर महिलाएं स्वतंत्रता चाहती हैं। लेकिन अल्पसंख्यक कट्टर गुट बहुमत को दबा रहे हैं। क्या यह धार्मिकता है या राजनीति? नेताओं को चाहिए कि वे तथ्यों पर ध्यान दें। महिलाओं को चुनाव दें- पहनें या न पहनें। तब सच्ची तस्वीर सामने आएगी। अन्यथा यह आयातित आग स्थानीय संस्कृति को भस्म कर देगी। दक्षिण एशिया की महिलाओं को मूल आजादी मिलनी चाहिए, न कि मजबूरी।

बात ईरान में आए बदलाव की कि जाए तो इसके पीछे गहन कारण हैं। ईरान जैसे देशों में आर्थिक संकट, मुद्रास्फीति और बेरोजगारी ने महिलाओं को जागृत किया, जहां प्रदर्शनों में आजीविका की मांगें भी जुड़ गईं। मुस्लिम बहुल देशों में राष्ट्रीय सुरक्षा को बहाना बनाकर बुर्का प्रतिबंध बढ़ा, क्योंकि चेहरा ढका होना अपराध को आसान बनाता है। वैश्विक स्तर पर 16 देशों के प्रतिबंध से संदेश साफ है कि बुर्का महिलाओं के उत्पीड़न का प्रतीक माना जा रहा। दक्षिण एशिया में कट्टरता का कारण विदेशी धन-सहायता और राजनीतिक उन्माद है, जहां बांग्लादेश-पाकिस्तान में मदरसों से प्रेरित युवतियां बुर्का को पहचान बना रही हैं। ईरानी महिलाओं की बगावत ने दुनिया को दिखाया कि इस्लाम के नाम पर थोपी गई परंपराएं टूट रही हैं। यदि यह लहर फैली, तो कट्टरता वाले क्षेत्रों में भी परिवर्तन अपरिहार्य होगा। आंकड़ों से सिद्ध है कि जहां प्रतिबंध लगे, वहां महिलाओं की भागीदारी 20-30 प्रतिशत बढ़ी है। यह संघर्ष स्वतंत्रता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## एक नजर

### प्रोजेक्ट उन्नति से संवर रहा भविष्य

**जगदलपुर, 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासकीय कर्मचारियों के लिए नववर्ष एक बड़ी खुशखबरी लेकर आया है। छत्तीसगढ़ राज्य शासन के वित्त विभाग ने भारतीय स्टेट बैंक के साथ स्टेट गवर्नमेंट सैलरी पैकेज के तहत एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जो 4 जनवरी 2026 से प्रभावी हो गया है। इस समझौते के तहत राज्य के नियमित अधिकारियों और कर्मचारियों को बैंकिंग सुविधाओं के साथ-साथ करोड़ों रुपये का बीमा कवर पूरी तरह निरूशुल्क प्रदान किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रक्रिया शुरू किया गया है। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री अनिल कुमार पाठक ने इस संबंध में सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से आग्रह किया है कि शासन द्वारा कर्मचारी हित में उठाए गए इस महत्वपूर्ण कदम की जानकारी अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों तक अनिवार्य रूप से पहुंचाई जाए, ताकि कोई भी पात्र कर्मचारी इन सुविधाओं से वंचित न रहे। उक्त समझौते के मुताबिक इस नई योजना का सबसे आकर्षक पहलू इसका व्यापक बीमा सुरक्षा कवच है। समझौते के मुताबिक कर्मचारियों को एक करोड़ 60 लाख रुपए का हवाई दुर्घटना बीमा और एक करोड़ रूपए का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा बिना किसी अतिरिक्त प्रीमियम के मिलेगा। इसके अलावा 10 लाख रुपये का ग्रुप टर्म लाइफ इंश्योरेंस भी इस पैकेज में शामिल है। सुरक्षा के दायरे को बढ़ाते हुए पूर्ण स्थायी विकलांगता की स्थिति में एक करोड़ रुपए और स्थायी आंशिक विकलांगता पर 80 लाख रुपए तक का कवर सुनिश्चित किया गया है।

### विकसित भारत जीरामजी के प्रावधानों की जानकारी श्रमिकों को दी गई

**बीजापुर 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले की ग्राम पंचायतों आजीविका डबरी का निर्माण प्रमुखता से किया जा रहा है। सूचना -शिक्षा -संचार गतिविधि के माध्यम से ग्रामीण श्रमिकों को समय समय पर उनके अधिकारों एवं योजनांतर्गत नवीन प्रावधानों की जानकारी दिए जाते हैं। इसी कड़ी में विकासखंड बीजापुर की ग्राम पंचायत धनोरा में आजीविका डबरी में कार्य कर रहे श्रमिकों को फील्ड स्तर के अधिकारियों द्वारा विकसित भारत- रोजगार एवं आजीविका मिशन-ग्रामीण (वीबी-जी राम जी) के प्रावधानों की जानकारी दी गई। अकुशल श्रम करने के इच्छुक प्रत्येक ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्यों को वर्ष भर में 125 दिनों की रोजगार की वैधानिक गारंटी कर एक ग्रामीण विकास रूपरेखा स्थापित करने के लिए अधिनियम है। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता चौबे के मार्गदर्शन में वीबी - जी राम जी योजना के प्रावधानों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। ग्राम पंचायत धनोरा की सरपंच श्रीमती रूखमणी तेलम ने योजना के बारे कहा कि योजनांतर्गत सिंचाई और जल संरक्षण के कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। श्रमिकों के लिए बेरोजगारी भत्ता का भी प्रावधान किया गया है। हम इस योजना में बेहतर कार्य करेंगे। वार्ड नंबर 4 की पंच एवं मेट का कार्य कर रही श्रीमती सोनमती कुड़ियम ने कहा कि 125 दिन की रोजगार मिलना श्रमिकों के लिए बहुत अच्छा है । ग्रामीण श्रमिक श्री माड़ो राम कुड़ियम ने सराहना करते हुए कहा कि मजदूरी भुगतान में भी सरलता आएगी और त्वरित भुगतान संभव होगा। अधिकारियों ने बताया कि इसमें मजदूरी भुगतान प्रक्रिया में सुधार किया गया है, यह हम लोगों के लिए बहुत अच्छा है।

### स्मारक नहीं अब पी एम आवास बना रहे हुनरमंद हाथ

**बीजापुर 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य सरकार की पुनर्वास नीति अब जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिणाम दे रही है। नक्सल हिंसा से प्रभावित तथा नक्सली विचारधारा और हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौट रहे पूर्व नक्सलियों को न केवल स्थायी आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं, बल्कि उन्हें गांव में ही सम्मानजनक रोजगार के अवसर भी मिल रहे हैं। ऐसी ही एक प्रेरक कहानी बीजापुर जिले के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर सामने आई है। संदीप जिनके हाथों में ईट जुड़ाई और मिस्त्री कार्य का हुनर था, किन्तु नक्सल विचारधारा से जुड़े रहने के कारण उनका यह हुनर क्षेत्र में नक्सली स्मारक बनाने तक सीमित हो गया था। आत्मसर्पण करने के बाद उनके हाथों के हुनर को दिशा मिली और संदीप ने इसे अपने हुनर का उपयोग अपने प्रधानमंत्री आवास निर्माण किया और आज वे गांव में अन्य प्रधानमंत्री आवासों के निर्माण में राजमिस्त्री का कार्य कर रहे हैं। बीते एक वर्ष में उन्होंने इस कार्य से लगभग 30 हजार रुपये की अतिरिक्त आय अर्जित की है। आत्मसमर्पण से आत्मनिर्भरता तक का सफर- संदीप बताते हैं कि वे वर्ष 2017 में संगम सदस्य के रूप में नक्सल संगठन से जुड़े थे।

# एमएसएमई विकास कार्यक्रम के तृतीय दिवस में विशेषज्ञों ने दिए उपयोगी मार्गदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 11 जनवरी।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में आज जिले में उद्यमिता को बढ़ावा देने, युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों को मुख्यधारा से जोड़कर (एमएसएमई ) क्षेत्र में व्यवसाय स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा में आयोजित उद्यमिता विकास कार्यक्रम (एंट्रेप्रेनेरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम) का तृतीय दिवस सफ्लतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई ) तथा राज्य सरकार की संयुक्त उद्यमिता प्रोत्साहन पहलों के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ लाईवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा के प्राचार्य श्री हरीश कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने एमएसएमई क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि में अहम भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि एमएसएमई क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहा है। श्री सिन्हा ने विशेष रूप से ताडच् योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह योजना उद्यमियों के तकनीकी उन्नयन, क्षमता निर्माण, बाजार विस्तार एवं प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में अत्यंत कारगर साबित हो रही है। कार्यक्रम में प्रतिभागियों जिनमें युवा उद्यमी, महिला उद्यमी, स्व-सहायता समूह सदस्यों, स्टार्टअप संस्थापकों व नए उद्यम स्थापित करने के इच्छुक प्रतिभागियों को व्यवसाय स्थापना, वित्तीय प्रबंधन, उत्पादन तकनीक, ब्रांडिंग, मार्केट लिंकज तथा सरकारी सहायता योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

आत्मसमर्पित नक्सलियों को सरल व व्यवहारिक भाषा में उद्यमिता के मूलभूत सिद्धांत समझाने के लिए चॉइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से विशेषज्ञ प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का संचालन महानदी स्पाइसस के सीईओ श्री अनिल रावत द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों को मसाला उत्पादन, मूल्य संवर्धन, प्रोडक्शन यूनिट की स्थापना, गुणवत्ता मानकों एवं विपणन रणनीतियों के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने अपने व्यावहारिक अनुभवों को साझा करते हुए प्रतिभागियों को छोटे स्तर से शुरुआत कर बड़े बाजार तक पहुँचने की रणनीतियों से अवगत कराया। इसके साथ अन्य विशेषज्ञ द्वारा भी जानकारी दी गई जिसमें डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर श्री चेतन चंद्राकर एवं संजीव साहू ने भी मार्गदर्शन दिए। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने उद्यमिता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया। आयोजन का उद्देश्य प्रतिभागियों में आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना एवं एमएसएमई क्षेत्र में व्यवसाय शुरू करने की प्रक्रिया को सरल बनाना रहा लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा द्वारा संचालित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले में स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

**मोदी सरकार की नीयत पर उठाए सवाल और कहा कांग्रेस ने**

# मोदी सरकार ने मनरेगा की मूल आत्मा को खत्म कर श्रमिकों से काम की गारंटी का अधिकार छीना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**दंतेवाड़ा 11 जनवरी।** केंद्र की मोदी सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने और उसमें संशोधन के खिलाफ शनिवार को स्थानीय राजीव भवन दंतेवाड़ा में कांग्रेस की प्रेस वार्ता आयोजित हुई। प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते पीसीसी के सँयुक्त महामंत्री उमाशंकर शुक्ला ने कहा कि मनरेगा कानून में परिवर्तन मोदी सरकार का श्रमिक विरोधी कदम है। यह महात्मा गांधी के आदर्शों पर कुठाराघात है, मजदूरों के अधिकारों को सीमित करने वाला निर्णय है।मोदी सरकार ने 'सुधार' के नाम पर झांसा देकर लोकसभा में एक और बिल पास करके दुनिया की सबसे बड़ी रोज़गार गारंटी स्कीम मनरेगा को खत्म कर दिया है। यह महात्मा गांधी की सोच को खत्म करने और सबसे गरीब भारतीयों से काम का अधिकार छीनने की जान-बूझकर की गई कोशिश है।अब तक, मनरेगा संविधान के आर्टिकल 21 से मिलने वाली अधिकारों पर आधारित गारंटी थी। नया फ्रेमवर्क ने इसे एक कंडीशनल, केंद्र द्वारा कंट्रोल की जाने वाली स्कीम में बदले दिया है।

मनरेगा गांधीजी के ग्राम स्वराज, काम की गरिमा और डिसेंट्रलाइज्ड डेवलपमेंट के सपने का जीता-जागता उदाहरण था, लेकिन इस सरकार ने न सिर्फ उनका नाम हटा दिया है, बल्कि 12 करोड़ मनरेगा मज़दूरों के अधिकारों को भी बेरहमी से कुचला है। दो दशकों से, मनरेगा करोड़ों ग्रामीण परिवारों के लिए लाइफलाइन रहा है और कोविड-19 महामारी के दौरान आर्थिक सुरक्षा के तौर पर ज़रूरी साबित हुआ है।अब तक मनरेगा मजदूरों को काम देने का कानून था, श्रमिक अधिकार पूर्वक मांग करते थे, जिसे योजना में परिवर्तित कर दिया गया, अब इसे चलाना / नहीं चलाना सरकार की मर्जी पर निर्भर होगा।मनरेगा के तहत, सरकारी ऑर्डर से कभी काम नहीं रोका गया। नया सिस्टम हर साल तय टाइम के लिए जबरदस्ती रोज़गार बंद करने की इजाजत देता है, जिससे राज्य यह तय कर सकता है कि गरीब कब कमा सकते हैं और कब उन्हें भूखा रहना होगा। एक बार फंड खत्म हो जाने पर, या फसल के मौसम में मजदूरों को महीनों तक रोजगार से दूर रखा जा सकता है।

**कांग्रेस की मांग है -**

काम की गारंटी, मज़दूरी की गारंटी, जवाबदेही की गारंटी, मनरेगा में किए गए बदलावों की तत्काल वापसी, काम के संवैधानिक अधिकार की पूर्ण बहाली,न्यूनतम वेतन 400 रुपये मनरेगा बचाओ संग्राम के दंतेवाड़ा जिला समन्वयक पूर्णचंद कोको पाढ़ी ने वार्ता में बताया मनरेगा केंद्रीय कानून था, 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार द्वारा भेजे जाते थे, अब केंद्र और राज्य का हिस्सा 60- 40 का हो जाएगा, पहले मैचिंग ग्रांट 50 प्रतिशत राशि राज्य जमा करेगी तब केंद्र सरकार राशि जारी करेगा, राज्यों की वित्तीय स्थिति सर्वविदित है। इस बिल से आने वाले समय में मनरेगा स्कीम खत्म हो जाएगी। जैसे ही बजट का बोझ राज्य सरकारों पर पड़ेगा, वैसे ही धीरे-धीरे मनरेगा बंद होने लगेगी।गोदी सरकार अब राज्यों पर 'जी राम जी' का लगभग 50,000 करोड़ का बोझ डालना चाहती है, उन्हें 40 प्रतिशत खर्च उठाने के लिए मजबूर किया जा रहा है।मनरेगा योजना देश के गरीब से गरीब लोगों के लिए रोजगार का सहारा थी, जो कोरोना जैसे मुश्किल हालातों में भी उनके साथ थी। इसलिए ये बिल गरीब मजदूरों के खिलाफ है।100 दिन से 125 दिन की मजदूरी वाली बात सिर्फ एक चालाकी है, वर्तमान में छत्तीसगढ़ के 70 प्रतिशत गांव में भाजपा की सरकार आने के बाद से अघोषित तौर पर काम नहीं दिया जा रही है। पिछले 11 सालो में मोदी सरकार बनने के बाद मनरेगा में काम देने का राष्ट्रीय औसत मात्र 38 दिनों का है। मतलब 11 सालो में मोदी सरकार किसी भी साल 100 दिन काम नहीं दे पाई।मनरेगा काम करने का सही अधिकार था, उसे अब एक एडमिनिस्ट्रेटिक मदद में बदला जा रहा है. जो पूरी तरह से केंद्र की मर्जी पर निर्भर है।भाजपा भगवान राम के नाम पर एक बार फिर झूठ बोल रही है। में जो राम जी बता रहे उसमें कही भी भगवान राम नहीं है। का फूल फार्म है (विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन-ग्रामीण) है।पीसीसी सयुक्त महामंत्री छविंद्र कर्मा जी ने कहा मनरेगा में पहले हर परिवार को न्यूनतम 100 दिनों के काम की कानूनी गारंटी मिलती थी।हर गांव में काम की कानूनी गारंटी मिलती थी।आप पूरे साल काम की मांग कर सकते थे।आपको कानूनी न्यूनतम मजदूरी की गारंटी दी गई थी।ग्राम पंचायत के जरिए अपने ही गांव के विकास के लिए काम मिलता था।आपके काम में मनरेगा मेट और रोजगार सहायकों की मदद मिलती थी।आपकी मज़दूरी का 100 प्रतिशत भुगतान केंद्र सरकार करती थी, इसलिए राज्य सरकार बिना किसी चिंता या कठिनाई के आपको काम उपलब्ध कराती थी।

## विहिप ने 56 गौवंश को दलालों से मुक्त कराकर पातररास गोठान में सुरक्षित पहुंचवाया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 11 जनवरी।** दंतेवाडा जिले के अंतर्गत विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा ग्राम मटेनार में 56 गौ वंश को रेस्क्यू किया गया । जिसमें परिषद के साथ दंतेवाडा थाना के एस आई राजेश कुमार की टीम के साथ साथ सरपंच संघ और ग्रामीणों का पूर्ण समर्थन मिला । इस पूरी कार्यवाही के दौरान विश्व हिंदू परिषद के गौ रक्षा प्रमुख सुनील जोशी के साथ साथ सभी गौ रक्षक और परिषद की टीम के अभिषेक पटेल, हर्ष गुप्ता, हर्ष प्रधान और सुरेन्द्र सिंह ने फील्ड में पूर्ण समय देकर उन सभी गौ वंशों को पातररस गौठान में सुरक्षित पहुंचाया । इस पूरे कार्यवाही में विश्व हिंदू परिषद के विभाग संयोजक विकास अग्रवाल, जिला अध्यक्ष किशोर दिवान और जिला मंत्री राघवेंद्र सिंह, सुनील जोशी जिला गौ सेवा प्रमुख व पूरी टीम का सहयोग सभी को प्राप्त हुआ। इस मामले में परिषद की टीम ने दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग की जिसमे उनको पुलिस बल का पूर्ण सहयोग मिला है।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों का कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**■ ऑनलाइन आवेदन भरने की तिथि 7 फरवरी 2026 तक है**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 11 जनवरी।** आदिवासी विकास शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-27 में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों का कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन दिनांक 01 मार्च 2026 (दिन-रविवार) समय प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक (02 घंटे) तक आयोजित किया जाना है। जिसमें जिले में संचालित 04 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में बालिका वर्ग में 180 एवं बालक वर्ग में 60 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाना है।

वर्ष 2026-27 में प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन पंजीयन के माध्यम से किया जाना है। इस संबंध में तिथि निर्धारित की गई है विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रारंभ तिथि 08 जनवरी 2026 एवं अंतिम तिथि 07 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। ऑनलाइन भरे गए आवेदन की त्रुटि सुधार तिथि 08 फरवरी से 2026 से 10 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। उत्तर पुस्तिका के लिए ओम.एम.आर. शीट होगा, जिस पर उत्तर दर्ज किए जाएगें। विद्यार्थी की आयु 31 मार्च 2026 को 10 से 13 वर्ष के मध्य हो। दिव्यांग विद्यार्थियों के लिये आयु सीमा में अधिकतम 02 वर्ष की छूट रहेगी। प्रवेश के समय कक्षा 5 वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अनुसूचित जनजातीय वर्ग, समुदाय का सदस्य हो। विद्यार्थियों का प्रवेश मेरिट सूची के अनुसार किया जावेगा तथा इसमें किसी भी परिस्थिति में अन्य विद्यालयों में परिवर्तन नहीं किया जावेगा। किसी भी गलत प्रमाण के आधार पर प्राप्त प्रवेश को प्राचार्य द्वारा तुरंत रद्द कर दिया जाएगा। ऐसी कार्यवाही के खिलाफ कोई अपील स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रवेश परीक्षा में प्रश्न-पत्रों की संरचना में मानसिक योग्यता परीक्षण, अंकगणित परीक्षण, भाषा-हिन्दी, अंग्रेजी व क्षेत्रीय भाषा को शामिल करते हुए 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे। प्रवेश के लिए अस्थायी रूप से चयनित उम्मीदवारों को प्रवेश के समय सत्यापन हेतु प्राचार्यों द्वारा मांगे गए आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने, विद्यार्थी के पात्रता संबंधी जानकारी या परीक्षा संबंधी अन्य जानकारी हेतु जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी कार्यालय, जिले में संचालित चारों एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में हेल्पडेस्क स्थापित रहेगा।

# पुलिस ने साइबर सुरक्षा जानकारी देकर सीनियर सिटीजनों को किया जागरूक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,11 जनवरी।** बस्तर पुलिस ने पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन में आपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही करते हुए जिले में घटित होने वाले साइबर अपराधों की विवेचना कर जहां एक ओर अंतर्राज्यीय गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर आम नागरिकों को साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी विभिन्न माध्यमों से दी जा रही है। इसी तारतम्य में पुलिस मुख्यालय, छग. के दिशा निर्देशानुसार रजत जयंती वर्ष 2025-26 के आयोजन अंतर्गत 1 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2026 को क्रियान्वयन के तहत समस्त थाना क्षेत्र के 100 से अधिक परिवारों से संपर्क कर साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम के केन्द्र बिन्दू पर एकांतवास करने वाले/सेवानिवृत्त, वृद्धजन परिवार रहे। साइबर ठगों द्वारा वृद्धजनों को शिकार बनाने वाला प्रचलित तरीका डिजीटल अरेस्ट स्कैम, इन्वेंटमेंट स्कैम, बीमा संबंधी स्कैम एवं अन्य साइबर विषय पर आज शनिवार को राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा वीडियों एवं पाम्पलेट के माध्यम से वृद्धजनों के घरों में जाकर विस्तार से चर्चा की गई। ऐसे साइबर अपराध से बचने के उपाय एवं इन अपराधों का शिकार होने पर तत्काल सहायता हेतु साइबर अपराध हेल्पलाईन नं. 1930, पुलिस कंट्रोल रूम, साइबर सेल, थाना प्रभारी एवं बीट अधिकारी के संपर्क नंम्बर साझा की गई है।

## मछलीपालन से बदली कृषक हड़मा कोड़ोपी की जिंदगी



**■ प्रधानमंत्री धन धान्य योजना ने दी नई दिशा**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 11 जनवरी।** जिले के कुआकोंडा विकासखंड के ग्राम समेली के कृषक श्री हड़मा कोड़ोपी ने प्रधानमंत्री धन धान्य योजना और मछली पालन विभाग की तकनीकी सहायता का लाभ लेकर अपनी आजीविका को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाया है। वर्षों पहले उन्होंने अपनी निजी भूमि के आधा एकड़ रकबा में तालाब निर्माण कर पारंपरिक तरीके से मछली पालन शुरू किया था। लेकिन प्रधानमंत्री धन धान्य योजना के अंतर्गत आय के विविधीकरण और आधुनिक तकनीकों को अपनाने के प्रोत्साहन ने उनके जीवन में एक महत्वपूर्ण मोड़ लाया। मछली पालन विभाग से जुड़ने के बाद श्री कोड़ोपी को उन्नत तकनीकों, वैज्ञानिक पद्धतियों और आधुनिक मछली पालन के बारे में विस्तृत जानकारी मिली। विभागीय सहयोग से उन्होंने 0.10 हेक्टेयर रकबा में पोण्ड लाइनर का निर्माण कराया, जिसने उनके उत्पादन और आय दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि की। पोण्ड लाइनर तकनीक से जल संरक्षण, मछलियों की तेज वृद्धि, बेहतर गुणवत्ता और रोगों की रोकथाम में काफी मदद मिली, जिससे उनका उत्पादन क्षमता पारंपरिक तालाब की तुलना में कई गुना बढ़ गई।

उन्नत पद्धतियों के परिणामस्वरूप श्री कोड़ोपी को अपने निजी तालाब से प्रतिवर्ष लगभग एक लाख रुपये की आमदनी होने लगी, वहीं पोण्ड लाइनर से उन्हें दो लाख रुपये तक की आय प्राप्त हो रही है। इस प्रकार कुल तीन लाख रुपये की वार्षिक आय ने उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को पूरी तरह बदल दिया है। आज वे स्थायी और मजबूत आय स्रोत के साथ आत्मनिर्भर जीवन-यापन कर परिवार को खुशहाली की ओर अग्रसर कर चुके हैं। योजना के अंतर्गत उन्हें मत्स्याखेट उपकरण, आइस बॉक्स और मछली बीज जैसी कई सुविधाएँ भी प्राप्त हुई, जिससे उनके व्यवसाय को और मजबूती मिली। श्री कोड़ोपी बताते हैं कि अगर उन्हें समय पर तकनीकी मार्गदर्शन और सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलता, तो वे आज इस स्तर की प्रगति नहीं कर पाते। मछली पालन को अपनाकर श्री हड़मा कोड़ोपी न केवल अपने परिवार की आर्थिक उन्नति कर रहे हैं, बल्कि क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बन गए हैं। प्रधानमंत्री धन धान्य योजना और विभागीय सहयोग ने यह साबित किया है कि सहज उपलब्ध संसाधनों का वैज्ञानिक उपयोग ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बड़ा परिवर्तन ला सकता है।

**कैंप का उद्देश्य नक्सल विरोधी अभियानों को और प्रभावी बनाना**

# नारायणपुर जिले के जटवर में वर्ष-26 का पहला सुरक्षा व जनसुविधा कैंप स्थापित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर, 11 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के थाना कोहकामेटा क्षेत्र अंतर्गत माड़ क्षेत्र में सुरक्षा व विकास के लिए पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने नक्सल मुक्त भारत एवं नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ के संकल्प को मजबूती देते हुए वर्ष 2026 का पहला सुरक्षा एवं जन सुविधा कैंप घुर नक्सल प्रभावित ग्राम जटवर में स्थापित किया है। 10 जनवरी 2026 को थाना कोहकामेटा क्षेत्र के ग्राम जटवर में यह नया कैंप स्थापित किया गया। इसका उद्देश्य नक्सल विरोधी अभियानों को और प्रभावी बनाना, कोहकामेटा कच्चापाल परियादी एक्सिस में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों को सुरक्षा उपलब्ध कराना और विकास कार्यों में सहयोग देना है। यह कैंप जिला मुख्यालय




नारायणपुर से लगभग 54 किलोमीटर, थाना कोहकामेटा से 26 किलोमीटर, कच्चापाल से 17 किलोमीटर तथा कोडनार से 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

नवीन कैंप की स्थापना से जटवर सहित आस-पास के गांव कोगाली, वारापिद्दा, वडापेंदा, करकाबेड़ा, गुरगापदर और घमण्डी में सुरक्षा का माहौल मजबूत हुआ है। साथ ही क्षेत्र में सड़क, पुल-पुलिया, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, मोबाइल नेटवर्क और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की संभावनाएं बढ़ी हैं। अब सुरक्षा बलों की मौजूदगी में विकास कार्यों को तेजी से आमजन तक पहुंचाया जा सकेगा। इस अभियान में नारायणपुर पुलिस, डीआरजी, बस्तर फाइटर और बीएसएफकी 86वीं, 178वीं, 83वीं एवं 133वीं वाहिनी की अहम भूमिका रही । वरिष्ठ पुलिस एवं बल अधिकारियों के नेतृत्व और निर्देशन में यह पहल नक्सल प्रभावित माड़ क्षेत्र को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक मजबूत कदम के रूप में देखी जा रही है।

गौरतलब है कि नारायणपुर पुलिस ने वर्ष 2025 में कुल 27 नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए थे। इनमें नक्सलियों की अघोषित राजधानी माने जाने वाले कुतुल सहित कोडलियार, बेड़माकोटी, पदमकोट, कंडुलपार, नेलांगुर, पांगुड़, रायनार, एडजूम, ईदवाया, आदेर, कुड़मेल, कोंगे, सितरम, तोके, जाटलूर, धोबे, डोडीमरका, पदमेटा, लंका, परियादी, काकुर, बालेबेड़ा, कोडेनार, कोडनार, आदिनपार और मन्दोड़ा जैसे दुर्गम क्षेत्रों में सुरक्षा एवं जन सुविधा कैंप खोले गए हैं। जटवर कैंप वर्ष 2026 में स्थापित होने वाला पहला कैंप है।

### अग्निवीर भर्ती रैली 25-26 के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा 24 जनवरी तक

**दंतेवाड़ा, 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला रोजगार एवं मार्गदर्शन केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती रैली वर्ष 2025-26 के ऑनलाइन लिखित परीक्षा (सीईई) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है, कि शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक 10 जनवरी 2026 से 24 जनवरी 2026 तक स्थान बाबू पंढरी राव कृदत्त, इंडोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी में आयोजित किया गया है। दंतेवाड़ा जिले के लिखित परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य भर्ती प्रक्रियों का आयोजन दिनांक 18 जनवरी 2026 एवं 21 जनवरी 2026 तिथि निर्धारित है, अतः परीक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिये भारतीय थल सेना के वेबसाईट www.joinindianary.nic.in या जिला रोजगार कार्यालय दंतेवाड़ा या कार्यालय के दूरभाष नम्बर 07856-252520 से संपर्क कर सकते हैं।

## एक नजर

### ट्रक से बैटरी चोरी करने वाला पकड़ाया

**जांजगीर-चांपा, 11 जनवरी।** जिले की थाना अकलतरा पुलिस की सक्रियता से चोरी के मामले में आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली है। पुलिस ने राईसमिल के अंदर खड़ी गाड़ी से बैटरी चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बैटरी बरामद किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 331 (4), 305(ए) बीएनएस के तहत् कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि ट्रक क्रमांक सी.जी10 सी 8466 महराजा राईस मिल अकलतरा में काटा करने के लिये मिल के अंदर खडी थी कि ट्रक के बैटरी को अज्ञात चोर द्वारा रात्रि में चोरी कर ले गया जिसकी सूचना रिपोर्ट पर से थाना अकलतरा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। चोरी जैसे प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात आरोपी एवं चोरी गए सामनों की पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में थाना अकलतरा द्वारा पतासाजी की जा रही थी। विवेचना क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं एसडीओपी प्रदीप कुमार सोरी के कुशल मार्गदर्शन में मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी संजीव धिरही पिता अमरनाथ धिरही उम्र 19 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 13 गुरूघासीदास मोहल्ला अकलतरा को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर रात्रि में महाराजा राइस मिल में खड़े ट्रक क्रमांक सी.जी. 10 सी 8466 में लगे ट्रक के बैटरी को चोरी करना स्वीकार किये जाने से चोरी किए बैटरी बरामद किया जाकर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री करने के मामले में फरार आरोपी पकड़ाया

**जांजगीर-चांपा, 11 जनवरी।** जिले की नवागढ़ थाना पुलिस ने अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री करने के मामले में फरार आरोपी का गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि दिनांक पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा श्री विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है इसी क्रम में थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा दिनांक 06.01.26 को ग्राम कटौद में छापेमार कार्यवाही कर लावारिश हालत में मिले 300 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवं अलग अलग 08 ट्रम में रखे भारी मात्रा में महुवा लहान जब्त किया था तथा उसे मौके पर ही नष्ट किया गया था। मामले में आरोपी फरार था जिसकी तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में मुखबिर सूचना पर आरोपी नीतीश बंजारे उम्र 26 साल निवासी ग्राम कटोद को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री करना जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### सेना भर्ती के लिए युवाओं में भारी उत्साह पहले दिन 412 युवाओं की उपस्थिति

**धमतरी, 11 जनवरी।** जिला धमतरी में आयोजित प्रदेश स्तरीय अग्निवीर सेना भर्ती रैली का शुभारंभ आज उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। भर्ती के पहले दिन छत्तीसगढ़ के 06 जिलों–सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया, जशपुर, बलरामपुर एवं गौरेला-पेंड्रा-मरवाही–से आए युवाओं ने पूरे जोश और अनुशासन के साथ अपनी प्रतिभा एवं शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया। इस दिन के लिए कुल 532 अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड जारी किए गए थे, जिनमें से 412 युवाओं ने भर्ती स्थल पर उपस्थित होकर प्रक्रिया में भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच आयोजित दौड़ परीक्षा में 311 युवाओं ने सफलता हासिल की। दौड़ उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को अब शारीरिक दक्षता परीक्षण, दस्तावेज़ सत्यापन तथा मेडिकल परीक्षण की अगली प्रक्रियाओं से गुजरना होगा। जिला प्रशासन धमतरी एवं सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर के संयुक्त समन्वय से पूरी भर्ती प्रक्रिया सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संचालित की जा रही है। भर्ती स्थल पर सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस प्रदेश स्तरीय अग्निवीर सेना भर्ती को सफल बनाने हेतु कई माह पूर्व से ही व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी थीं। उनके मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों तथा सेना भर्ती कार्यालय के अधिकारियों के साथ नियमित बैठकों के माध्यम से भर्ती अभियान की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई, जिसके सकारात्मक परिणाम पहले ही दिन देखने को मिले। भारतीय सेना में चयन प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं केवल योग्यता के आधार पर होती है।

### रायगढ़ की बूढ़ी माई मंदिर व सत्यनारायण बाबा का स्मरण कर की मंच से गायन की शुरुआत कर

# रायगढ़ के एन राघवेंद्र ने राष्ट्रीय मंच पर पेश किया सुरों का जादू

- **इंडियाज टैलेंट फाइल के ग्रैंड फिनाले में पहुंचकर बढ़ाया जिले का मान**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 11 जनवरी।** छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और साहित्य की राजधानी के रूप में विख्यात एवं मशहूर रायगढ़ ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सशक्त पहचान दर्ज कराई है। संगीत और कला के क्षेत्र में जिले की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाते हुए रायगढ़ में पदस्थ केंद्र सरकार के शासकीय विभाग में कार्यरत नीतीश उर्फ एन.राघवेंद्र ने देश के प्रतिष्ठित टीवी रियलिटी शो 'इंडियाज टैलेंट फाइट' में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमी फाइनल राउंड से सीधे ग्रैंड फिनाले में प्रवेश कर लिया है। उनके इस उपलब्धि से न केवल रायगढ़, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का नाम राष्ट्रीय मंच पर रोशन होने जा रहा है।




एन.राघवेंद्र ने मंच पर अपनी प्रस्तुति की शुरुआत रायगढ़ के प्रमुख धार्मिक एवं जन आस्था केंद्र बूढ़ी माई मंदिर तथा कोसमनारा के सत्यनारायण बाबा का स्मरण करते हुए की। उनकी भावपूर्ण और मधुर गायकी ने जजों के साथ-साथ दर्शकों को भी मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य जज प्रसिद्ध संगीतकार अनु मलिक हैं, जिनकी सराहना कलाकारों के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।

एन. राघवेंद्र, जिनका वास्तविक नाम नीतीश कुंडे है, सोशल मीडिया पर इसी नाम से व्यापक रूप से चर्चित हैं। वर्तमान में रेलवे विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शहडोल से रायगढ़ स्थानांतरण के बाद से वे रायगढ़ में निवासरत हैं और यहां की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक ऊर्जा को अपनी साधना का आधार मानते हैं। उन्होंने बताया कि रायगढ़वासियों का स्नेह, आशीर्वाद और प्रोत्साहन ही उनकी सफलता की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने सभी से अपने लिए आशीर्वाद बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि उनके कार्यक्रम के वीडियो शीघ्र ही टीवी चैनल एवं ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि रायगढ़ की धरती पहले से ही संगीत साधकों और कलाकारों की जन्मभूमि रही है। संगीत कला के क्षेत्र में एक बार फिर रायगढ़ को राष्ट्रीय कला मानचित्र पर गौरवान्वित स्थान मिलने जा रहा है।

# दुर्गम, उत्खनन प्रभावित अंचल को मुख्य धारा से जोड़ने बनेंगी सड़कें

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शी सोच से उत्खनन प्रभावित क्षेत्रों में 'संपर्क क्रांति पर्व' का शुभारंभ

- **सात सड़कों की स्वीकृति से बदलेगी ग्रामीण तस्वीर, शिक्षा-स्वास्थ्य-आजीविका को मिलेगी नई दिशा**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 11 जनवरी।** छत्तीसगढ़ शासन की जनहितैषी, संवेदनशील एवं दूरदर्शी नीति के अनुरूप मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश के दूरस्थ, दुर्गम एवं उत्खनन प्रभावित अंचलों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प धरातल पर साकार हो रहा है। इसी कड़ी में रायगढ़ जिले में जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद से ग्रामीण सड़क निर्माण को स्वीकृति प्रदान कर शासन ने जिले में एक नई 'संपर्क क्रांति' का सूत्रपात किया है।

जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज संस्थान न्याय निधि से वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले के सुदूर वनांचल एवं मैदानी क्षेत्रों लैलूंगा, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, तमनार एवं खरसिया विकासखंडों में कुल 7 ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए 15 करोड़ रुपए से अधिक की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। डीएमएफ मद से स्वीकृत इन सड़कों की कुल लंबाई 23.10 किलोमीटर है। यह पहल केवल भौतिक अधोसंरचना के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण जीवन में स्थायी सामाजिक और आर्थिक बदलाव की मजबूत नींव रख रही है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि उत्खनन से प्रभावित क्षेत्रों में डीएमएफ जैसी योजनाओं के माध्यम से आधारभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। इन सड़कों के निर्माण से वे गांव जुड़ेंगे, जो वर्षों से आवागमन की कठिनाइयों के कारण विकास से वंचित रहे हैं। सड़कों का विस्तार अब ग्रामीण अंचलों में प्रगति, अवसर और आशा का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

स्वीकृत योजनाओं के अंतर्गत लैलूंगा विकासखंड में गहनाझरिया (सुकवासुपारा) से लभनीपारा तक 3.60 किलोमीटर लंबी सड़क का अर्थवर्क कार्य प्रगतिरत है। घरघोड़ा विकासखंड में तुमीडीह से छर्राटांगर तक 4.30 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए साफ सफाई एवं सेटिंग आउट कार्य प्रारंभ हो चुका है। धरमजयगढ़ विकासखंड में ससकोबा मेन रोड से पाराघाटी तक तथा सेमीपाली से क्रोन्धा तक 4-4 किलोमीटर लंबी सड़कों पर जीएसबी, सीसी सहित अन्य निर्माण कार्य जारी हैं। तमनार विकासखंड में अमलीढोढ़ा पीएमजीएसवाय रोड से समकेरा-गौरबहरी तक 3.60 किलोमीटर तथा पतरापाली से बरकसपाली तक 1.60 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहा है। वहीं खरसिया विकासखंड में खड़गांव से गोरपार बस्ती तक 2 किलोमीटर सड़क निर्माण को भी स्वीकृति दी गई है।

इन सड़कों के पूर्ण होने से संबंधित बसाहटों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों के लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। किसानों को अपनी उपज मंडियों तक सहज पहुंच प्राप्त होगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। बच्चों के लिए विद्यालय तक पहुंच आसान होगी, गर्भवती महिलाओं एवं मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी और आपातकालीन सेवाएं अधिक सुदृढ़ होंगी। बेहतर सड़क संपर्क से आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी तथा जिले के दूरस्थ अंचलों में जीवन स्तर में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन दिखाई देगा। निश्चित रूप से डीएमएफमद से हो रहा यह सड़क निर्माण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विकासोन्मुख, संवेदनशील और समावेशी शासन व्यवस्था का सशक्त उदाहरण है, जो रायगढ़ जिले में संपर्क क्रांति पर्व के रूप में एक नई विकास गाथा लिख रहा।

### साय सरकार के किसान विरोधी नीतियों के कारण धान बेचने से वंचित हो रहे किसान: विनोद चंद्राकर



**महासमुंद, 11 जनवरी।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि एग्रीस्टेक किसान पंजीयन की अनिवार्यता के बाद जिन किसानों ने पोर्टल में पंजीयन कराए हैं, वे किसान अब प्रशासनिक लापरवाही के चलते धान बेचने से वंचित हो रहे हैं। ग्राम डुमरपाली के किसान रैनसिंग ध्रुव भाजपा शासन के प्रशासनिक विफलता का शिकार है। किसान ने अपनी ओर से धान बेचने के लिए जरूरी सभी नियमों का पालन किया। पोर्टल में कर्मचारियों की लापरवाही से हुई गलती का खामियाजा आज उसे धान बेचने से वंचित होकर भुगतना पड़ रहा है। यह केवल एक अकेले रैनसिंग की कहानी नहीं, अपितु महासमुंद जिला सहित प्रदेश के हजारों किसानों की व्यथा हैं, जो आज भाजपा की साय सरकार के किसान विरोधी नीतियों के शिकार हो रहे हैं।

चंद्राकर ने कहा कि महासमुंद जिले में लक्ष्य के अनुरूप धान की खरीदी आधी भी नहीं हो पाई है। पंजीकृत किसानों में से आधे किसान धान नहीं बेच पाए हैं। उपर से जिले के हजारों किसान ऐसे हैं, जिन्होंने पूर्व के वर्षों में सुगमता पूर्वक धान बेचा, लेकिन इस बार शासन द्वारा लादे गए अनावश्यक नियमों में वे फँस चुके हैं। खेत का संपूर्ण दस्तावेज होने के बाद भी किसान का कहीं पंजीयन नहीं हो पा रहा है। वहीं, पंजीयन होने के बाद प्रशासनिक लापरवाही से हुई त्रुटियों से वे परेशान हैं।

### सड़क सुरक्षा को लेकर धमतरी पुलिस यातायात ने की सख्त कार्रवाई

**धमतरी, 11 जनवरी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एसपी धमतरी के निर्देश पर धमतरी पुलिस यातायात द्वारा जिले में लगातार यातायात नियमों के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने के साथ-साथ नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में कलार तराई हाई स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग, तेज गति से वाहन न चलाने, शराब सेवन कर वाहन न चलाने तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिवार व समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। इसके



अतिरिक्त थाना केरेगांव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बनरौद के पास वाहन चालकों की सघन जांच अभियान चलाया गया, जहां अल्कोहल मीटर के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच की गई। उल्लेखनीय है कि पिछले 02फ्03 दिनों के भीतर शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले कुल 14 वाहन चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

# खनिज रेत के अवैध परिवहन में लिप्त 23 वाहन जब्त

### खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर विभाग की कार्रवाई जारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 11 जनवरी।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिले में खनिज विभाग द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में खनिज अमला द्वारा विगत 4 दिनों में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक अभियान चलाकर अवैध खनिज गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान अवैध परिवहन में संलिप्त खनिज रेत के कुल 22 ट्रैक्टर एवं 1 हाईवा, इस प्रकार कुल 23 वाहन जप्त किए गए। जप्त वाहनों को कलेक्ट्रेट परिसर, थाना खरसिया, छाल, घरघोड़ा, जोबी चौकी एवं रैरूमाचौकी में सुरक्षार्थ रखा गया है। खनिजों के अवैध परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 एवं 23(क) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है। इस कार्यवाही में खनिज निरीक्षक सोमेश्वर सिन्हा सहित जिला खनिज अमला सक्रिय रूप से शामिल रहा। खनिज अधिकारी ने बताया कि जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण करने वालों के विरुद्ध आगे भी निरंतर और कठोर कार्यवाही जारी रहेगी।

### नशामुक्त समाज में युवा थीम पर गोड़ीहारी में कन्या शाला सारंगढ़ का लगा एनएसएस शिविर



**सारंगढ़ बिलाईगढ़, 11 जनवरी।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यामिक विद्यालय सारंगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा आयोजित ग्राम गोड़ीहारी में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन कार्यक्रम किया गया जिसमें स्वयंसेवक छात्राओं ने नशा मुक्त समाज में युवा थीम पर नाटक, नृत्य, साफ सफाई कार्य, परियोजना कार्य किया और स्वच्छता का संदेश दिया। उनके द्वारा गांव में जनजागरूकता किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत - गोड़ीहारी के सरपंच, बीडीसी और डी के शर्मा व्याख्याता शासकीय कन्या उच्च माध्यामिक विद्यालय सारंगढ़, वीरेंद्र जोल्हे सहायक कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस सहसराम साहू, पूर्व माध्यमिक और प्राथमिक शाला गोड़ीहारी के शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

■ भारत सरकार की विशेषज्ञ टीम ने किया अभियान का निरीक्षण, गुणवत्ता व प्रभावशीलता का किया मूल्यांकन

# जिले में सघन कुष्ठ खोज व उपचार अभियान में 118 नए रोगी चिन्हित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 11 जनवरी।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में जिले में 8 दिसंबर 2025 से 10 जनवरी 2026 तक सघन कुष्ठ खोज एवं उपचार अभियान संचालित किया गया। यह अभियान राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत घर-घर जाकर संदिग्ध मरीजों की पहचान एवं समय पर उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।



अभियान के तहत जिले में कुल 1397 शंकास्पद व्यक्तियों की पहचान की गई, जिनमें से 1161 व्यक्तियों की जांच पूर्ण की जा चुकी है। जांच उपरांत 118 नए कुष्ठ रोगियों की पुष्टि हुई है, जिन्हें तत्काल उपचार से जोड़ा गया है। कुष्ठ कार्यक्रम की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता के आकलन के लिए भारत सरकार के क्षेत्रीय कुष्ठ प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, लालपुर (रायपुर) से वरिष्ठ अधिकारियों का दल जिले के निरीक्षण पर पहुंचा। निरीक्षण दल में डॉ.कृष्णमूर्ति काम्बले, प्रिंसिपल कंसलटेंट एवं इश्वरी मसीह, कंसलटेंट शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. अविनाश चन्द्रा से सघन कुष्ठ खोज अभियान, अक्षमता पहचान तथा कुष्ठ विकृति रोकथाम से संबंधित कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। अभियान के प्रथम दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर एवं इसके आश्रित ग्राम कोडतराई, छपोरा एवं डूमरमुड़ा का निरीक्षण किया गया। वहीं द्वितीय दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लैलूंगा एवं आश्रित ग्राम राजपुर एवं लारीपानी में निरीक्षण कर कार्यक्रम की प्रगति का मूल्यांकन किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों, फिजियोथेरेपिस्ट, लैब टेक्नीशियन एवं प्रशिक्षित आरएचओ स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की तकनीकी दक्षता का परीक्षण किया गया तथा कुष्ठ मरीजों की स्वयं जांच कर संभावित विकृतियों की समय रहते पहचान एवं उपचार प्रबंधन पर जोर दिया गया।

निरीक्षण के दौरान जांच प्रपत्रों, रिपोर्ट, रजिस्टर संधारण, प्रचार-प्रसार सामग्री, नारा लेखन एवं जनजागरूकता गतिविधियों का अवलोकन कर आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए गए। इसी क्रम में लैलूंगा के आश्रित ग्राम में 5 नए कुष्ठ रोगियों की पुष्टि की गई। वर्तमान में रायगढ़ जिले में कुष्ठ रोग की प्रसार दर 3.18 प्रति 10 हजार जनसंख्या दर्ज की गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शीघ्र पहचान, सतत उपचार एवं समुदाय आधारित जागरूकता के माध्यम से जिले को कुष्ठ मुक्त बनाने के लिए अभियान को निरंतर सुदृढ़ किया जाएगा।

### पुलिस ने स्कूली युवाओं के साथ निकाली यातायात और हेलमेट जागरूकता रैली



**धमतरी, 11 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक धमतरी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत धमतरी पुलिस यातायात द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु निरंतर विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में आज ग्राम छाती में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा पंपलेट, पोस्टर एवं प्रेरणादायक स्लोगन तख्तियों के साथ नगर में भव्य यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से बच्चों ने आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने, सुरक्षित वाहन चालन एवं सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया। इसके पश्चात धमतरी पुलिस यातायात, ग्रामीण युवाओं एवं स्थानीय नागरिकों के सहयोग से ग्राम छाती में हेलमेट जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

# साहू समाज का इतिहास अत्यंत वैभवशाली रहा है:उपमुख्यमंत्री अरुण साव

■ कर्मा भवन में शेड निर्माण के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की

**रायपुर, 11 जनवरी।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव आज महासमुंद जिला एवं तहसील साहू संघ के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने महासमुंद के बीटीआई रोड स्थित कर्मा भवन में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि साहू समाज एक संगठित और अनुशासित समाज के रूप में जाना जाता है। समाज का इतिहास अत्यंत वैभवशाली रहा है। इसे और अधिक सशक्त एवं समृद्ध बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने युवाओं को सामाजिक गतिविधियों से जोड़ने, समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच बनाने तथा सामाजिक समरसता को मजबूत करने पर जोर दिया।




श्री साव ने कार्यक्रम में कहा कि सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चुनाव अच्छी परंपरा है। यह समाज के लिए शुभ संकेत भी है। महासमुंद जिला कृषि, रोजगार और संसाधनों के मामले में समृद्ध है। यहां किए जा रहे कार्यों का संदेश अन्य जिलों तक जाना चाहिए। उन्होंने कर्मा भवन में शेड निर्माण के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। विधायकगण सर्वश्री मोतीलाल साहू, संदीप साहू और योगेश्वर राजू सिन्हा भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

शपथ ग्रहण समारोह को अति विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी अपने व्यवहार में नम्रता रखें तथा नशा, दिखावा एवं अन्य सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने की दिशा में पहल करें। साहू समाज के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने समाज के संगठन की मजबूती पर बल देते हुए बुराइयों को रोकने प्रत्येक व्यक्ति को आगे आने को कहा।

महासमुंद जिला साहू समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री ढालूराम साहू ने मां कर्मा एवं राजिम भक्तिन माता का स्मरण करते हुए कहा कि वे शिक्षा को बढ़ावा देने, संगठन में पारदर्शिता लाने तथा सामाजिक समरसता स्थापित करने के तीन संकल्पों के साथ कार्य करेंगे। राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद श्री चंदूलाल साहू, श्री चुन्नीलाल साहू, साहू समाज के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष श्री विपिन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्री निखिलकांत साहू और श्री येतराम साहू सहित साहू समाज के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक समारोह में बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## एक नजर

### वनमंत्री केदार कश्यप से बीजापुर के पंच-सरपंचों ने की सौजन्य भेंट

**रायपुर, 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वनमंत्री श्री केदार कश्यप से बीजापुर जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों के पंच-सरपंचों ने आज नया रायपुर स्थित उनके निवास/कार्यालय में सौजन्य भेंट की। ये सभी जनप्रतिनिधि निमोरा स्थित ठाकुर प्यारेलाल पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर आए हुए हैं। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि ग्राम पंचायतें ग्रामीण विकास की नींव हैं और पंच-सरपंच ग्रामों की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने भेंट के दौरान जनप्रतिनिधियों के नन्हे बच्चों के प्रति मंत्री श्री कश्यप का वात्सल्य और स्नेह विशेष रूप से मन को स्पर्श करने वाला रहा। वनमंत्री श्री कश्यप ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को ग्रामीण विकास, सुशासन और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तैयार करना है। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को ग्राम पंचायत विकास योजना सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इसी के साथ उन्हें सूचना का अधिकार (ऋऋढ्ढ) जैसे अधिकारों के बारे में भी व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिसका समुचित निर्धारण अपने कार्यकाल में करें। श्री कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की मंशानुरूप मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गरीब, किसान और मजदूर हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### मोहन खेती में निवेश कर बढ़ा रहे उत्पादन

**रायपुर, 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासन की धान खरीदी नीति ने किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। समर्थन मूल्य पर समयबद्ध भुगतान और पारदर्शी व्यवस्था के कारण किसान आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। बलरामपुर.रामानुजगंज जिले के विकासखण्ड बलरामपुर के ग्राम कोटपाली के किसान श्री मोहन यादव भी इसी का लाभ ले रहे हैं। श्री मोहन यादव ने उपार्जन केंद्र महाराजगंज में इस वर्ष 165 क्विंटल धान का विक्रय किया। वे बताते हैं कि धान विक्रय करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। ऑनलाइन माध्यम से टोकन कटवाने के बाद निर्धारित तिथि पर केंद्र पहुँचकर सुगम तरीके से धान विक्रय किया। वे कहते हैं कि शासन द्वारा 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान खरीदने की सीमा तय किए जाने से किसानों की चिंता दूर हुई है। अब किसानों को अपनी पूरी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है और भुगतान भी सीधे खाते में समय पर प्राप्त हो रहा है। मोहन यादव बताते है कि समय पर भुगतान मिलने से नई फसल के लिए उन्नत बीज, खाद और कृषि कार्यों में बेहतर निवेश कर पा रहे हैं, जिससे उनकी खेती की उत्पादकता में निरंतर वृद्धि हो रही है।

### सौर ऊर्जा से अनिल का घर हुआ रोशन

**रायपुर, 11 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से न केवल बिजली की बचत हो रही है, बल्कि स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा भी मिल रहा है। राजपुर निवासी श्री अनिल तिवारी ने इस योजना का लाभ लेकर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर हुए है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार की एक पहल है जिसका लक्ष्य 1 करोड़ घरों को रूफटॉप सोलर पैनल लगाने में मदद करना है ताकि उन्हें हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिले और बिजली बिल में बचत होए साथ ही अतिरिक्त बिजली बेचकर आय का स्रोत भी बने। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के राजपुर निवासी श्री अनिल तिवारी ने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापित किया है। जिससे घर की बिजली आवश्यकता पूरी तरह सौर ऊर्जा से पूरी होने लगी है। वे बताते हैं कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से उन्हें दोहरा लाभ मिल रहा है। एक ओर बिजली बिल से राहत मिली है।

# ग्राम सोनपुरी के वृहद निःशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य शिविर का लाभ 469 ग्रामीणों ने उठाया

**रायपुर, 11 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के गोद ग्राम सोनपुरी, विकासखंड खैरागढ़, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में जिला प्रशासन, जिला भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक वृहद निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कलेक्टर श्री इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रेम कुमार पटेल के निर्देशन में संपन्न हुआ।




शिविर में कैंसर स्क्रीनिंग, अस्थि रोग, दंत रोग, नेत्र रोग, जनरल मेडिसिन एवं आयुष स्पेशलिटी से संबंधित निःशुल्क जांच एवं परामर्श की सुविधा प्रदान की गई। कैंसर जांच एवं परामर्श हेतु बालको कैंसर सेंटर, रायपुर से ऑनको सर्जन डॉ. श्रवण नाडकरणी, डॉ. हेमलता, श्री विजेंद्र एवं उनकी टीम द्वारा विशेष सहयोग दिया गया। शिविर में मोबाइल कैंसर डिटेक्शन वैन के माध्यम से स्तन कैंसर जांच हेतु कम्प्यूटरीकृत मैमोग्राफी, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जांच हेतु पैप स्मीयर परीक्षण तथा मुख कैंसर जांच हेतु बायोप्सी की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि शिविर का आयोजन ग्राम सरपंच श्रीमती सीमा गुणेश वर्मा, पंचगण एवं राज्य भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के राज्य प्रबंध मंडल सदस्य श्री बिसेसर दास साहू की उपस्थिति में संपन्न हुआ। ग्राम सोनपुरी, दुल्लापुर एवं आसपास के अंचलों से कुल 469 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ लिया।

शिविर में कुल 469 मरीजों का परीक्षण किया गया, जिनमें 244 मरीजों ने एलोपैथी एवं 225 मरीजों ने आयुष चिकित्सा सेवाओं का लाभ लिया। अस्थि रोग के 41, दंत रोग के 15, नेत्र जांच के 37, त्वचा रोग के 25 मरीजों की जांच की गई, वहीं 35 लोगों का हीमोग्लोबिन परीक्षण एवं 16 लोगों की सिकलिंग जांच की गई, जिसमें 2 मरीज सिकलिंग पॉजिटिव पाए गए। नेत्र जांच उपरांत एक मरीज को चश्मा भी वितरित किया गया।

विशेष कैंसर स्क्रीनिंग के अंतर्गत 226 महिलाओं की स्तन कैंसर जांच की गई, जिनमें से 13 महिलाओं की एडवांस मैमोग्राफी की गई। वहीं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर स्क्रीनिंग के पश्चात 9 महिलाओं का पैप स्मीयर परीक्षण किया गया, जिनकी रिपोर्ट प्राप्त होने पर आवश्यक उपचार एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा।

शिविर के सफल आयोजन में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक बिसेन, डीपीएम सोनल ध्रुव, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक श्री आकाश कुमार तंबोली के मार्गदर्शन में आर.एम.ए. श्रीमती मृदुला यादव सिद्दकी, आर.एच.ओ. श्री सनत कुमार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाजार अतरिया की टीम, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. बोधन परते, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अनम फातिमा, डॉ. प्रसन्न कुमार प्रधान, डॉ. श्रुति जैन, डॉ. रणजीत सिंह देशमुख, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, मितानिनों सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। आसपास के ग्रामों से मरीजों के परिवहन हेतु वाहनों की समुचित व्यवस्था भी की गई थी। उक्त वृहद निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता सुनिश्चित हुई तथा कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की समय पर स्क्रीनिंग कर जनस्वास्थ्य को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।

# राजस्व विभाग की टीम ने 75 बोरी अवैध धान परिवहन करते पिकअप जब्त किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,11 जनवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान परिवहन एवं भण्डारण पर कड़ी निगरानी की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को राजस्व की टीम ने 75 बोरी अवैध धान परिवहन करते हुए पिकअप को जब्त कर थाने में सुपुर्द किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसीलदार सोनाखान लव कुमार ने पिथौरा से बया मार्ग में कुरकुटट्टी में धान परिवहन करते एक पिकअप को पूछ ताछ कर दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया जिस पर चालक द्वारा संतोषजनक जवाब व दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं किया।चालक द्वारा बताए अनुसार पिकअप में 75 बोरा धान डला हुआ पाया गया जिसे पिकअप सहित पुलिस चौकी में सुपुर्द किया गया। जिले में धान खरीदी के दौरान अवैध धान पर खापाने के प्रयास को नाकाम करने थोक विक्रेताओं एवं चेक पोस्ट पर लगातार जांच किया जा रहा है। इसके साथ ही उपार्जन केंद्रों का भी भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।

# टू व्हीलर के लिए हैलमेट अनिवार्य हो : आहूजा



**रायपुर, 11 जनवरी।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप चावला ने कलेक्टर रायपुर को पत्र प्रेषित कर लिखा है कि हमारी समिति ने पूर्व में भी आपको रायपुर शहर में हेलमेट अनिवार्य करने हेतु पत्र लिखा था लेकिन आपकी ओर से कोई कार्यवाही नहीं हुई। पेट्रोल पंप एसोसिएशसन से हेलमेट अनिवार्य था परन्तु प्रशासन का सहयोग नहीं मिलने के कारण वे सफल नहीं हो सके। आप स्वयं जानते है कि प्रशासन के बिना हेलमेट अनिवार्य नहीं किया जा सकता। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सभी राज्यों के परिवहन मंत्रियों को निर्देश दिया है कि बिना हेलमेट के हजारो की संख्या में लोगों की अकाल मृत्यु हो रही है, इसके जिम्मेदार वो अधिकारी और मंत्री है जो हेलमेट लगाने का आदेश नहीं दे रहे है। अकाल मृत्यु को पाने वाले अधिकांश युवा थे जो अपनी पूरी जिंदगी जी नहीं पा रहे है। आंकड़े पेपर कटिंग के साथ संलग्न है। इन मृत्यु के जिम्मेदार हम सब है जो लोगों को बिना हेलमेट वाहन चलाने दे रहे है पेपर के आकड़े देखकर आप तुरंत हेलमेट को रायपुर नगर के लिए अनिवार्य करने की कृपा करें।

# टीबी से घबराने की जरूरत नहीं, इलाज संभव: मंत्री लखनलाल देवांगन

■ मंत्री श्री देवांगन ने टीबी मरीजों को निक्षय मित्र अंतर्गत वितरित किए पोषण आहार

**रायपुर, 11 जनवरी।** कोरबा जिले में टीबी उन्मूलन अभियान को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आज उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम विभाग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने टीबी मरीजों को पोषण आहार किट का वितरण किया। उन्होंने मरीजों से आत्मीय बातचीत कर उनका हालचाल जाना और उपचार संबंधी आवश्यक सुझाव भी देते हुए कहा कि टीबी का उपचार पूरी तरह संभव है। अनुपयोगी खानपान और अस्वास्थ्यकर आदतों के कारण यह बीमारी किसी को भी हो सकती है, लेकिन समय पर जांच और उपचार से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए लगातार छह माह तक की नियमित दवा का सेवन आवश्यक है। इसलिए पीड़ित को उपचार अवधि में पूरक पोषण आहार, स्वच्छता और सावधानियों का पालन करना चाहिए ताकि शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़े और इलाज अधिक प्रभावी हो सके। मंत्री ने सभी के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना भी की।




मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में टीबी जैसे रोग को जड़ से मिटाने का अभियान स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से संचालित हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निरन्तर प्रयास से प्रदेश में गांव से लेकर शहर तक टीबी सहित अन्य बीमारियों के रोकथाम और उपचार के लिए सतत प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि कोरबा जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सर्वाजनिक उपक्रमों के सहयोग से टीबी उन्मूलन की दिशा में एक सशक्त अभियान चलाया जा रहा है। निक्षय निरामय मित्र के माध्यम से टीबी मरीजों की पहचान और उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है।

मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि जिले में मरीजों की संख्या पहले से घटकर कम हो गई है। आने वाले समय में सभी मरीजों का उपचार होगा और जिला टीबी मुक्त होगा। उन्होंने टीबी मरीजों के बेहतर उपचार में परिवार, समाज और सामाजिक संस्थाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए सहयोग करने की अपील भी की। इस दौरान उन्होंने टीबी मरीजों को पोषण आहार किट का वितरण किया। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, श्री गोपाल मोदी, सीएमएचओ डॉ. एस.एन. केशरी, क्षय अधिकारी डॉ. बी.आर. रात्रे ने टीबी से बचाव और उपचार के लिए अपनी बातें रखी। टीबी अधिकारी डॉ.रात्रे ने जिले में क्षय रोग को दूर करने जिले में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री ओंकार यादव, एसडीएम श्री सरोज महिलांगे आदि सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

# धान खरीदी का महाभियान: अब तक 93.12 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

**रायपुर, 11 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में 14 नवम्बर 2025 से प्रारंभ हुआ छत्तीसगढ़ का धान खरीदी महाअभियान पारदर्शिता, गति और किसान-हितैषी व्यवस्था का उदाहरण बनता जा रहा है।

प्रदेश में अब तक 16.95 लाख पंजीकृत किसानों से 93.12 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।किसानों को उनके पसीने की पूरी कीमत समय पर मिल सके, इसके लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य के तहत अब तक लगभग 20 हजार 753 करोड़ रुपये का भुगतान सीधे किसानों के खातों में किया जा चुका है। यह न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति दे रहा है, बल्कि किसानों के आर्थिक आत्मविश्वास को भी नई मजबूती प्रदान कर रहा है। प्रदेशभर में संचालित 2,740 धान उपार्जन केंद्रों के माध्यम से खरीदी की प्रक्रिया सुव्यवस्थित, डिजिटल निगरानीयुक्त और पूर्णतः पारदर्शी ढंग से संचालित की जा रही है। शासन की यह व्यवस्था सुनिश्चित कर रही है कि वास्तविक किसान को ही लाभ मिले और बिचौलियों अथवा फर्जी प्रविष्टियों की कोई गुंजाइश न रहे।

किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार ने टोकन व्यवस्था को और अधिक सरल एवं सुलभ बनाया है। खाद्य विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अब टोकन सहकारी समितियों के माध्यम से जारी किए जा रहे हैं।खरीदी के आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश के प्रमुख धान उत्पादक जिलों में तेज गति से उपार्जन हुआ है। उल्लेखनीय है कि 8 जनवरी तक महासमुंद जिले में 6 लाख 33 हजार 291 क्विंटल, बेमेतरा जिले में 5 लाख 33 हजार 482 क्विंटल, बलौदाबाजार-भाठापारा जिले में 5 लाख 15 हजार 071 क्विंटल, बालोद जिले में 4 लाख 99 हजार 074 क्विंटल, रायपुर जिले में 4 लाख 66 हजार 249 क्विंटल, धमतरी जिले में 4 लाख 43 हजार 308 क्विंटल, राजनांदगांव जिले में 4 लाख 42 हजार 473 क्विंटल, बिलासपुर जिले में 4 लाख 21 हजार 142 क्विंटल, जांजगीर-चांपा जिले में 4 लाख 18 हजार 429 क्विंटल, कवर्धा जिले में 4 लाख 12 हजार 003 क्विंटल, दुर्ग जिले में 3 लाख 60 हजार 605 क्विंटल, गरियाबंद जिले में 3 लाख 60 हजार 612 क्विंटल, मुंगेली जिले में 3 लाख 58 हजार 072 क्विंटल, रायगढ़ जिले में 3 लाख 42 हजार 528 क्विंटल, कांकेर जिले में 3 लाख 25 हजार 960 क्विंटल, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में 3 लाख 14 हजार 758 क्विंटल, धान की खरीदी हुई है। छत्तीसगढ़ की धान खरीदी प्रणाली आज केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि किसान सम्मान, पारदर्शिता और आर्थिक सशक्तिकरण का मजबूत स्तंभ बन चुकी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार का यह संकल्प स्पष्ट है कि हर पात्र किसान को समय पर, पूरा और पारदर्शी लाभ मिलेगा – और यही राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत है।

# तिल्दा नेवरा में गांजा के साथ आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 11 जनवरी।** एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना तिल्दा नेवरा क्षेत्रांतर्गत एफसीआई गोदाम के पास एक व्यक्ति गांजा रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सूचना की तस्दीक कर आरोपी को गांजा के साथ पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तिल्दा नेवरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी करते हुये व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम तूफान देवार निवासी तिल्दा रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें थैला की तलाशी लेने पर थैला में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यो द्वारा आरोपी तूफान देवार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1.165 किलोग्राम गांजा जुमला कीमती लगभग 58,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना तिल्दा नेवरा में अपराध क्रमांक 17/2026 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। गिरफ्तार आरोपी- तूफान देवार पिता ननकू दाउ देवार उम्र 46 साल निवासी वार्ड क्रमांक 15 तिल्दा थाना तिल्दा नेवरा रायपुर है बड़े बड़े मादक पदार्थ की बिक्री करने वाले इस वक्त पुलिस पकड़ से बाहर है नगर में जगह जगह सुखा गांजा इलेक्ट्रिकल चिलम हुक्का से सामान के साथ नगर में युवा वर्ग इस वक्त नशे के आदि बन चुके हे और कुकिंग जैसे नशे के समान के अलावा अन्य मादक पदार्थों की बिक्री तिल्दा में खुले आम चल रही है पुलिस को नशा के सौदागरों को पकड़ कर युवा वर्ग को इस से बचाने की मांग नागरिकों ने की है।



### छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल ने हजारों मजदूर परिवारों को छात्रवृत्ति एवं अन्य योजनाओं का लाभ दिया

**रायपुर 11 जनवरी।** छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल ने ढाई करोड़ से ऊपर की धनराशि का छात्रवृत्ति योजना, साइकिल सहायता योजना व खेलकूद प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रदेश के संगठित क्षेत्र में काम करने वाले हजारों मजदूरों को प्रदान किया दोपहर विधानसभा अध्यक्ष हाउस में मंडल के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह की उपस्थिति में वितरण कार्य हुआ।


## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं आरती बाई कंवर पति रामकुमार कंवर निवासी ग्राम देवकटटा पो.-देवकटटा थाना-डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं मेरी पुत्री के आधार कार्ड में नाम योगेश्वरी पिता रामकुमार YOGESHWARI D/O RAMKUMAR अंकित हैं जिसे परिवर्तन कर एवं अब मेरी पुत्री का नया पूरा नाम यामिनी YAMINI पिता रामकुमार RAMKUMAR के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

सूचना जाने

भवदीय

(आरती बाई कंवर)

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं अगतूराम ठाकुर पिता रामसिंग ठाकुर निवासी ग्राम मोतीपुर पो. - रामाटोला थाना-डोंगरगढ़ तहसील लाल बहादुर नगर जिला-राजनांदगांव छ.ग. का निवासी हूं मेरे आधार में नाम अकतूराम गोड पिता रामसिंग गोंड़ AKTOORAM GOD S/O RAMSINGH GOND अंकित हैं जिसे परिवर्तन कर एवं अब मेरा नया पूरा नाम अगतूराम ठाकुर AGATURAM THAKUR पिता रामसिंग ठाकुर RAMSINGH THAKUR के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

सूचना जाने

भवदीय

(अगतूराम ठाकुर)

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं पुनिया बाई वर्मा पति नेमचंद वर्मा निवासी ग्राम मोहारा पो. - मोहारा, थाना चौकी-मोहारा तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं मेरे राजस्व अभिलेख में नाम पुन्नी बाई वर्मा पति नेमचंद वर्मा PUNNI BAI VERMA W/O NEMCHAND VERMA अंकित हैं जिसे परिवर्तन कर एव अब मेरा नया पूरा नाम पुनिया बाई वर्मा PUNIYA BAI VERMA पति नेमचंद वर्मा NEMCHAND VERMA के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

सूचना जाने

भवदीय

(पुनिया बाई वर्मा)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव, (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202601092100003. अ/6 वर्ष 2025-26

## ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक राकेश कुमार अग्रवाल आ. कमल किशोर अग्रवाल जाति अग्रवाल, निवासी वार्ड नंबर 17, डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक के द्वारा कमल किशोर अग्रवाल पिता नरसिंग दास अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी वार्ड नंबर 17 डोंगरगढ के हक वो आधिपत्य की नजूल शहर डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ में शीट क्रमांक 05 भूखण्ड क्रमांक 1308 क्षेत्रफल 2614 वर्गफुट भूमि को पंजीकृत दान पत्र के द्वारा दिनांक 19/03/2020 को दानपत्र निष्पादित किया गया है। आवेदक उक्त भूमि को दानपत्र करने के बाद अपने नाम से प्रमाणिकरण किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 30/01/2026 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ (छ.ग.)

# मर के मिट्टी में मिलूंगा खाद हो जाऊंगा मैं... फिर खिलूंगा शाख पर आबाद हो जाऊंगा मैं...




इंदौर में दूषित पानी के उपयोग से डेढ़ दर्जन लोगों की मौत, वहाँ पं.श्यामाचरण शुक्ल के नर्मदा का पानी पहुंचाने के भागीरथी प्रयास, छ्ग में छातिम के पेड़ों से पर्या वरण को नुकसान, रायपुर में पुलिस आयुक्त प्रणाली का सेटअप, छ्ग में राज्यसभा के चुनाव के गणित पर् चर्चा जरुरी है।

### इंदौरः नर्मदा का पानी, दामाद सीएम और जन-आंदोलन...



इन्दौर शहर को नर्मदा का पानी पीते हुये अब 55 साल हो गये हैं, हाल ही में दूषित पानी के कारण कुछ लोगों की मौत हो गई है, तब 23 अगस्त 1970 को एक लम्बे सविनय संघर्ष के बाद योजना स्वीकार हुई थीऔर तब के सीएम छ्ग के निवासी, इंदौर के दामाद पं श्यामाचरण शुक्ल की याद आ रही है। 1970 के बाद जन्मे हैं या 1970 के बाद के लोग जान लें कि नर्मदा का पानी इन्दौर में एक लम्बे और पूर्ण अनुशासित, सविनय नाग रिक संघर्ष के बाद आया है। एक पूरी पीढ़ी को इसके लिये 'खपना' पड़ा था।जन- आन्दो लनों का इतिहास जब कभी भी, जहां कहीं भी जब लिखा जायेगा, इन्दौर का नर्मदा आन्दोलन अलग से दिखेगा। यह आन्दोलन था, जिसमें पहले दिन से आखिरी दिन तक पूरा शहर शामिल था, बच्चे-बच्चे की जबान परसिर्फ पानी की मांग थी, कोई अभद्र नारा नहीँ, किसी का मुर्दाबाद नहीं, किसी का कांच नहीं फूटा, सिर फूटने का तो सवाल ही नहीं था। तब इन्दौर की जनसंख्या 06 लाख थी।उपलब्ध जलस्त्रोत 4 लाख लोगों की जरुरत ही बड़ी मुश्किल से पूरी कर सकते थे।इन्दौर से नर्मदा की दूरी 70 किलोमीटर के आसपास है।ऊपर से नर्मदा-इन्दौर के बीच विन्ध्याचल की पर्वतमाला भी है। इनके बीच एक घना वन क्षेत्र।जितनी बाधाएं गंगाजी को जमीन पर लाने में नहीं हुई होगी, उससे ज्यादा बाधाएं नर्मदाजी को इन्दौर लाने में देखी और दिखाई जा रहीथी। लेकिन, शहर के कुछ युवाओं को यह जुनून की तरह छा गई तब के युवा बुद्धिजीवियों मुकुंद कुलकर्णी, महेन्द्र महा जन और चंद्रप्रभाष शेखर ने 14 लोगों की समिति बनाकर असंस्था अभ्यास मंडल , जो तब गैर-राजनीतिक थी, सभी सक्रिय युवा, छात्र नेताओं को अपने साथ लिया, इस विषय के जानकारों को अपने साथ जोड़ा। अकेले विशेषज्ञों को ही नहीं, अनुभवी प्रशासकों को भी सहमत किया।अस हमत लोगों की संख्या बहुत कम थी।सारे राजनीतिक दल अपने मतभेद भूलकर इस युवा समूह के पीछे खड़े हो गये और देखते ही देखते यह एक जन-आन्दोलन बन गया।05 जुलाई, 1970 को शुरु हुआ यह आन्दोलन 23 अग स्त 1970 तक चला था। अग स्त की वह 23 तारीख ही थी, तब के सीएम श्यामाचरण शुक्ल ने घोषणा की थी कि इन्दौर के लिये नर्मदा से पानी लाने की योजना राज्य सर कार को मंजूर है।श्यामाचरण शुक्ल इन्दौर के दामाद भी थे, इसलिये आन्दोलन के नारों में ज़िक्र जरुर होता था। इसी लिये लोग, कहते रहे श्यामा चरण ने अपनी ससुराल होने के नाते यह योजना इन्दौर को भेंट की थी।वे नहीं जानते कि उस समय के ई.व्ही आप्टे ने एक महीने से ज्यादा समय तक नर्मदा किनारे रहकर उस स्थान की पहचान की थी, जहां से पानी तो पर्याप्त मिले ही, खर्च भी कम लगे। जिस जगह जलूद को चुना गया था, वहां पिछले 100 वर्षों से, एक समान जलस्तर रहा था व आगे भी ऐसा ही रहने के पूरे वैज्ञानिक कारण मौजूद थे। उन्हीं दिनों में सेवानिवृत्त आईएएस अपने मूल निवास इन्दौर लौटे, पी एस बाफ्ना ने उस तकनीकी और वैज्ञानिक आधार पर फीजि बिलीटी प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनायी थी। बाद में बाफ्ना की अध्यक्षता में मप्र सरकार ने कमेटी बना ई थी, जो भविष्य की सस्टेने बीलिटि पर विचार कर रिपोर्ट दे।नर्मदा के पानी की मांग पर हुये आन्दोलन की समिति में सब नौजवान थे। लेकिन, इनके पीछे सारी राजनीतिक और सामाजिक ताक़त लगी हुई थी। कामरेड होमी दाजी, की एक आवाज़ पर सारे कल-कारखाने और कपडा मिलें बन्द या चालू हो सकते थे, राजेन्द्र धारकर, सत्य भान सिंघल जो शहर के मध्य वर्ग में निर्विवाद, गहरा प्रभाव रखते थे, कल्याण जैन, छोटे बड़े दुकानदारों के एकछत्र नेता या प्रतिनिधि थे, सारे वैचारिक, राजनीतिक मतभेद भूलकर इस आन्दोलन के समर्थन में खड़े थे। आन्दोलन के दौरान रखा गया शहर- बन्द जैसा अब शायद ही कभी फिर देखने मिले।इकट्ठी युवा शक्ति ने सिद्ध कर दिया था कि अनुशासित रह कर बिना पत्थर उठाये भी राज्य से अपनी बात मनवाई जा सकती है। नर्मदा आ गई, इन्दौर की तब की प्यास भी बुझ गयी।लेकिन विकास विस्तार, फैलाव, पसराव ने फिर आज 1970 की स्थिति में ला खड़ा किया है। इन्दौर की 'नर्मदा योजना' समझने वालों की आज कमी थोडी है।नर्मदा का पानी लाकर सबकी प्यास बुझाने के लिये लगने वाली बिजली का झगड़ा आज सुलझा नहीं है?




### छातिम के पेडों का अब विरोध शुरू...



रायपुर में लगे छातिम के पेडों में पिछले कुछ सालों से सफेद फूल आने लगे हैं, शाम होते ही फूल के 'परागकण' हवा में फैलकर एक अजीब सी गंध पैदा करते हैं, जिसके चलते लोगों में एलर्जी, सरदर्द, सर्दी की समस्या हो रही है।बताया जाता कि छातिम का पेड़ जहरीला है, पत्ते न जानवर खाते न इस पर पक्षी अपना घर ही बनाते हैं, कुछ लोग छातिम को राक्षसी पेड़ भी कहते हैं, इस पेड़ के औषधीय गुण भी है लेकिन जानकारी के अभाव में इसका सेवन प्राण ले सकता है ! छातिम को सप्तपर्ण भी कहा जाता है, वैज्ञानिक एल्सटोनिया स्कोलारिस नाम हैज़!इसकी सुरभि में एक तरह की निर्द यता है, इसलिये यह लोगों को बहुत बेचैन, हैरान कर देती है, जिनको इसके बारे में पता न हो, उनकी हालत कस्तूरी मृग की तरह हो जाती है, आप इधर-उधर इसकी तलाश में भटकने लगते हैं।सितम्बर अक्टूबर में फूल लगते हैं, जब छातिम के फूल की तीखी गंध आने लगे तो समझ लीजिये ठंड आ गई छातिम के पेड़ो को शहर में लगाने में एक आईएएस (अब रिटायर) की बड़ी भूमिका रही है? शहर के मुख्य मार्गो के आस-पास छातिम के पेड़ों को पूरी तरह नष्ट या पेड़ों के बढ़ते हुए डंगालों को काटे जाने पर् गंभीरता पूर्वक कदम उठाने की मांग तेजी से उठ रही है।पहले मीनल चौबे ज़ब केवल वार्ड मेंबर थीं, तब विरोध कर चुकी हैं, आजकल विधायक सुनील सोनी इसका विरोध कर रहे हैं।

### पीएससी घोटालाः अंतिम चार्जशीट, 29 आरोपी...

सीजीपीएससी घोटाला 20 21 मामले में सीबीआई ने फाइनल चार्जशीट फाइल कर दी है। फाइनल चार्जशीट में 29 को आरोपी बनाया है।आरोपियों में एक कोचिंग संचालक का नाम भी जोड़ा गया है।बताया जाता है कि कोचिंग संचालक, बारनवा पारा होटल में कुछ अभ्यर्थियों को पहले से ही तैयारी कर वाया था, संचालक के पास सीजीपीएससी 2021 का पर्चा पहले ही पहुंच गया था, परिचय के आधार पर उसने अभ्यर्थियों को तैयारी करवाई थी, बता दें कि छग पीएससी 2021 के परिणाम में 2023 में जारी किये गए थे, जिसमें टॉप 20 में से 13 से ज्यादा अभ्यर्थी किसी अधिकारी, नेता या प्रभावशाली लोगों के बेटे, बहु या रिश्तेदार थे, तब पीएससी अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी के दत्तक पुत्र, परि वार के तीन से ज्यादा सदस्यों का चयन इस परीक्षा में हुआ था, अलावा प्रभावशाली कारो बारी प्रकाश गोयल के बेटे- बहू भी डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित हुए थे।मामले में इन सभी को आरोपी बनाया गया है।

### अप्रैल में राज्यसभा की 2 सीट खाली होगी...

छ्ग में कांग्रेस के वरिष्ठ अधिवक्ता केटीसी तुलसी और फूलोदेवी नेताम की राज्य सभा सीट रिक्त हो रही है, अभी के चुनावी गणित के अनुसार1-1 रास भाजपा, कांग्रेस के खाते में जा सकती है, देखना है कि प्रत्याशी चयन का आधार योग्यता होगा या जातिगत समीकरण होगा, बाहरी होगा या छत्तीसगढ़िया होगा?

### 23 से लागू हो सकती है पुलिस आयुक्त प्रणाली...



2025 के अंतिम दिन 31 दिसंबर को कैबिनेट की बैठक में कमिश्नर प्रणाली लागू करने को लेकर निर्णय लिया गया. कैबिनेट में 23 जनवरी से लागू करने सहमति बनी क्योंकि 23 जनवरी को ही सुभाष चंद्र बोस की जयंती है, पुलिस कमिश्नर प्रणाली लेकर स्पष्ट खाखा जल्दी ही तैयार कर लिया जाएगा, बताया जा रहा है कई बिंदुओं पर सहमति बन गई है, तीन हिस्सों में रायपुर पुलिस की कमिश्नरी बंटेगी। मध्य, पूर्व और पश्चिम हिस्सा होगा, हर क्षेत्र की कमान एसपी रैंक के अधिकारी के पास होगी। एस पी के ऊपर एक एडिशनल कमिश्नर और कमिश्नर रैंक होंगे, कमिश्नर के अधीन ही एडिशनल डीसीपी होंगे और 21 एसीपी रहेंगे, यह डीएस पी रैंक के अफसर होंगे, थानों के प्रभारी अब टीआई नहीं, बल्कि डीएसपी रैंक के अफ सर होंगे?कमिश्नर मुख्यालय में 3 डीसीपी नियुक्त किए जाएंगे, क्राइम, प्रोटोकॉल, यातायात, अजाक, महिला अपराध विंग देखेंगे।रायपुर नगर निगम, बिरगांव नगर पालिका, कमिश्नरी का हिस्सा होंगे, रायपुर ग्रामीण के लिए अलग एसपी होंगे, कमिश्नर को कलेक्टर की तरह ही कुछ अधिकार दिये जाएंगे पुलिस कमिश्नर आर्म्स एक्ट, धारा 144 लगाने जैसे अधिकार का उपयोग खुद कर सकता है, पहले कलेक्टर की अनुमति लेने की आवश्यकता होती थी, गन लाइसेंस लेने के लिए कमिश्नर को आवेदन किया जा सकता है, यूएपीए एक्ट, अनैतिक देह व्यापार, मानव तस्करी, मोटर व्हीकल एक्ट, कारागार अधिनियम, पॉइजन एक्ट, कैटल ट्रेसपास एक्ट समेत कुछ अन्य अधिकार दिये जा सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक रायपुर के सिविल लाइन, तेलीबांधा, देवेंद्रनगर, पंडरी, कोतवाली, गोलबाजार, गंज, मौदहापारा, पुरानी बस्ती, राजेंद्रनगर, टिकरापारा, डीडी नगर, आजाद चौक, सरस्वती नगर, आमानाका, कबीरनगर, खमतराई, गुढ़ियारी, उरला, धरसीवा, खमारडीह थाने इस प्रणाली में शामिल किए जा सकते हैं, वहीं आरंग, तिल्दा, खरोरा, अभनपुर, नया रायपुर, माना थाना रायपुर ग्रामीण एसपी के अधीन होगा।

### और अब बस...

- » महादेव सट्टा एप मामले में ईडी ने सौरभ चंद्राकर समेत 5 की 91.82 करोड़ की चल अचल सम्पत्ति अटैच की है।
- » छ्ग के सरकारी विभागों पर् करीब 3 हजार करोड़ का बिजली बिल बकाया है?
- » रायपुर में मोटर साइकिल सवार को टक्कर मारने के आरोप में पुलिस ने पूर्व केंद्रीय मंत्री, मौजूदा विधायक के बेटे को हिट-एंड- रन' का मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है।

## एक नजर

### सिंगदेही व आंदू में अखंड नवधा रामायण का आयोजन



**बेरला, 11 जनवरी।** जिला बेमेतरा के ग्राम सिंगदेही एवं ग्राम आंदू में आयोजित अखंड नवधा रामायण कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ शामिल हुईं। कार्यक्रम स्थल पर रामभक्ति, आध्यात्मिक ऊर्जा एवं सांस्कृतिक चेतना का अनुपम वातावरण देखने को मिला। अखंड नवधा रामायण के सस्वर पाठ एवं रामकथा के श्रवण से पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि अखंड नवधा रामायण केवल धार्मिक आयोजन भर नहीं, बल्कि जीवन को सत्य, धर्म और मर्यादा के मार्ग पर ले जाने वाला अमूल्य आध्यात्मिक संदेश है।

### छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना का अध्यक्ष गिरफ्तार

**रायपुर, 11 जनवरी।** 2024 में छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिला कलेक्ट्रेट और एसपी कार्यालय में हुई हिंसा और आगजनी मामले में शनिवार को पुलिस की स्पेशल जांच टीम ने दो लोगों को गिरफ्तारी किया है। इस मामले में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अजय यादव और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष अमित बघेल के करीबी माने जाने वाले दिनेश वर्मा को हिरासत में लिया गया है। इन दोनों से 10 जून 2024 को बलौदाबाजार कलेक्ट्रेट में हुई हिंसा और आगजनी की घटना को लेकर पूछताछ की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अजय यादव को पुलिस की स्पेशल टीम द्वारा गिरफ्तार कर रायपुर से बलौदाबाजार सिटी कोतवाली लाया गया, जहां देर रात तक क्रांति सेना दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विकास कांग्रेस से निष्कासित

**रायपुर,11 जनवरी।** प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता विकास तिवारी को पार्टी ने छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। पार्टी ने झीरम कांड पर वरिष्ठ नेताओं के नार्को टेस्ट की मांग की अनुशासनहीनता करार दिया है। विकास तिवारी के जवाब को संतोष जनक नहीं माना, और छह साल के निष्कासित कर दिया।

### रायपुर सेंट्रल ने जीता विद्युत कंपनी अंतरक्षेत्रीय वॉलीबॉल का खिताब

**रायपुर,11 जनवरी।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह छत्तीसगढ़ स्टेट राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड कोरबा पूर्व के व्हालीबॉल मैदान में अंतर्क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में, रायपुर सेन्ट्रल, रायपुर क्षेत्र, दुर्ग, राजनंदगांव, बिलासपुर, मड़वा, कोरबा पश्चिम एवं कोरबा पूर्व की कुल आठ टीमो ने प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता लीग आधार पर दो पुल बनाकर खेले गए। यह मैच बेस्ट ऑफफाईव सेटो पर आधारित था। रायपुर सेन्ट्रल की टीम ने लगातार तीन सेटो में कोरबा पूर्व की टीम को पराजीत कर 3-0 से विजेता का खिताब हासिल करने में सफल रहा। मुख्य अतिथि संजीव कंसल ने कहा कि सभी खिलाड़ियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा।

## 8वीं मंजिल से युवक ने लगाई छलांग, मौत

**रायपुर, 11 जनवरी।** राजधानी रायपुर में सुसाइड का एक और सनसनीखेज मामला सामने आया है. राजेंद्र नगर इलाके में युवक ने बिल्डिंग की 8वीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक की पहचान असलम अंसारी के रूप में हुई है. वह मध्यप्रदेश के रीवा का निवासी है.

जानकरी के मुताबिक, न्यू राजेन्द्र नगर इलाके में डॉल्फिन कॉलोनी में युवक ने 8 वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी. मृतक की पहचाल रीवा, मध्यप्रदेश निवासी असलम अंसारी (27 साल) के रूप में हुई है. घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. फिलहाल युवक ने आत्महत्या का फैसला क्यों किया, इसकी जांच जारी है.

बता दें कि राजेंद्र नगर थाना इलाके में 1 हफ्ते के भीतर यह आत्महत्या का दूसरा मामला है. इससे पहले अमलीडीह के मारुति रेजिडेंसी में 18 साल की हनीफा उर्फ अनिमा पटेल ने सुसाइड किया था.

### भैंस ने बुजुर्ग को पटका

**रायपुर, 11 जनवरी।** फाफाडीह इलाके में भैंस के हमले में एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना उस समय हुई जब बुजुर्ग भैंसों को सड़क से आगे की ओर हटाने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान एक भैंस ने अचानक उन पर हमला कर दिया, जिससे वे संतुलन खोकर सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फुटेज में साफदेखा जा सकता है कि भैंस के हमले के बाद बुजुर्ग सड़क पर गिर जाते हैं और आसपास मौजूद लोग मदद के लिए दौड़ते हैं। घायल रमेश हेमनानी को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

### गोल्डन आवर बचाता है ज़िंदगियां : डॉ. धाबलिया

रायपुर, 11 जनवरी। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा दिवस के अवसर पर रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स के डॉक्टरों ने सड़क यातायात दुर्घटनाओं के बढ़ते बोझ पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने चेतावनी दी कि ये दुर्घटनाएं भारत में रोकी जा सकने वाली मौतों और दीर्घकालिक विकलांगता के प्रमुख कारणों में अब भी शामिल हैं। डॉक्टरों ने इस बात पर जोर दिया कि दुर्घटना के बाद पहले 60 मिनट जिसे गोल्डन आवर कहा जाता है के भीतर ट्रॉमा-सुसज्जित अस्पताल तक पहुंचना जीवन और मृत्यु के बीच अंतर तय कर सकता है। डॉ. पंकज धाबलिया, एचओडी- ऑर्थोपेडिक, ट्रॉमा, जॉइंट रिप्लेसमेंट एवं स्पोर्ट्स इंजरीज़, ने कहा, कई दुर्घटना पीड़ितों को अनेक सर्जरी और लंबे समय तक पुनर्वास की आवश्यकता होती है।



### आरकेसी रायपुर के 75वें बैच का स्वर्ण जयंती मिलन

**रायपुर, 11 जनवरी।** राजकुमार कॉलेज रायपुर के गौरवशाली इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया जब संस्थान के 1975 बैच के पूर्व छात्रों ने अपनी स्नातक के 50 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया। इस ऐतिहासिक अवसर पर शशांक शाह, राजू राव और अनिल मेट्रे ने कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए देश-विदेश से आए अपने सहपाठियों का स्वागत किया।

समारोह के दौरान पूर्व छात्रों ने कॉलेज परिसर का भ्रमण किया और यहाँ हुए क्रांतिकारी बदलावों की सराहना की। शशांक शाह ने अपने संबोधन में विशेष रूप से कर्नल अविनाश सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि कर्नल सिंह के मार्गदर्शन में कॉलेज ने न केवल अपनी विरासत को सहेजा है, बल्कि ओलंपिक आकार के स्विमिंग पूल, विश्वस्तरीय शूटिंग रेंज और अत्याधुनिक इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जैसी सुविधाएं प्रदान कर संस्थान को देश के सर्वश्रेष्ठ इंफ्रास्ट्रक्चर वाले कॉलेजों की सूची में शीर्ष पर पहुँचा दिया है।

## मनरेगा बचाओ संग्राम : कांग्रेसियों ने रखा उपवास




**रायपुर, 11 जनवरी।** केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के नाम बदलने और इसकी मूल भावना को कमजोर करने के प्रस्ताव के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर शहर के अध्यक्ष कुमार शंकर मेनन एवं जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित आज अंबेडकर चौक, कलेक्ट्रेट के सामने, नगर घड़ी के पास एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, मनरेगा श्रमिक और समर्थक शामिल हुए। इस उपवास में प्रमुख रूप अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव विजय जांगिड़ पूर्व सांसद छाया वर्मा पूर्व राजेन्द्र तिवारी विधायक अनिता शर्मा विकास उपपध्याय पंकज शर्मा डोमेश्वरी वर्मा सौरभ शर्मा जयंत साहू की उपस्थिति में उपवास शुरू हुआ।

यह कार्यक्रम मनरेगा बचाओ संग्राम के चरणबद्ध आंदोलन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कांग्रेस पार्टी ने 10 जनवरी 2026 से 25 फरवरी 2026 तक पूरे छत्तीसगढ़ में यह संग्राम चलाने का ऐलान किया है, जिसमें जिला स्तर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस, एक दिवसीय उपवास (विशेषकर गांधी/अंबेडकर प्रतिमाओं के पास), पंचायत स्तर पर जनसंपर्क और चौपालें शामिल हैं।

केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलकर VB-G RAM G (विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण) करने और योजना के ढांचे में बदलाव (जैसे फंडिंग पैटर्न में केंद्र-राज्य हिस्सेदारी 60:40 करना) से ग्रामीण मजदूरों के संवैधानिक अधिकारों पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। यह केवल नाम का बदलाव नहीं, बल्कि गरीबों के काम के अधिकार को कमजोर करने की साजिश है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं, मनरेगा श्रमिकों और समर्थकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में इस उपवास और आगामी कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी आवाज बुलंद करें। मनरेगा ग्रामीण भारत की रीढ़ है, जो करोड़ों परिवारों को रोजगार की गारंटी देती है। कांग्रेस पार्टी संवैधानिक मूल्यों, ग्रामीण मजदूरों के अधिकारों और महात्मा गांधी की विरासत की रक्षा के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष जारी रखेगी।

### विक्रांत सिंहदेव भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री बने

रायपुर। विक्रांत सिंहदेव को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा में सुकमा जिले का महामंत्री नियुक्त किये जाने पर जिलेभर में हर्ष और उत्साह का माहौल है। उनकी इस नियुक्ति को किसान हितों के लिए एक मजबूत और सकारात्मक कदम माना जा रहा है। विक्रांत सिंहदेव लंबे समय से किसानों की समस्याओं, अधिकारों और विकास से जुड़े मुद्दो को मजबूती से उठाते रहे है। उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता से किसान मोर्चा को नई दिशा और ऊर्जा मिलने की उम्मीद हैं। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकाताओं एवं किसानों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनांए देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में किसान मोर्चा सुकमा जिले में किसानों की आवाज को और अधिक मजबूती से बुलंद करेगा।



## रेल मदद शील्ड का स्टेशन पर स्वागत



**रायपुर, 11 जनवरी।** रेलवे, सूचना और प्रसारण, तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, अश्विनी वैष्णव, चयनित रेलवे कर्मचारियों को 70वां अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार प्रदान किया। अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2025 के अंतर्गत इसी प्रकार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को रेल मदद शील्ड प्राप्त होने पर रायपुर स्टेशन पर इसका भव्य स्वागत किया गया। रेल मदद शिल्ड दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रवीण पांडेय द्वारा नई दिल्ली बिलासपुर राजधानी एक्सप्रेस से लाई जा रही थी। जिसका रायपुर स्टेशन पर वाणिज्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

## कांग्रेस का 'राम' नाम से विरोध सनातन विरोधी मानसिकता का परिचायक : भाजपा

**रायपुर, 11 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उज्जवल दीपक ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा है कि भगवान राम के नाम का विरोध करना और उनके नाम पर आपत्ति जताना कांग्रेस की हिंदू विरोधी और सनातन विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। दीपक ने शनिवार को यहाँ एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस ब्रीफमें 'वीबी - राम अधिनियम' पर कांग्रेस द्वारा जताई गई आपत्तियों और लगाए गए आरोपों का कड़ा जवाब दिया।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता दीपक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से भगवान राम का विरोध किया है। पहले उन्होंने राम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का बहिष्कार किया और अब एक जनकल्याणकारी बिल के नाम में 'राम' शब्द होने पर कुतर्क कर रहे हैं। दीपक ने स्पष्ट किया कि चाहे हिंदी हो, संस्कृत हो या अंग्रेजी, भगवान राम का नाम हर भाषा में पवित्र है और इसका विरोध निंदनीय है। 'वीबी - राम बिल' के माध्यम से किए गए क्रांतिकारी सुधारों को रेखांकित करते हुए दीपक ने कहा कि इसमें रोजगार गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर अब 125 दिन (25त्न की वृद्धि) कर दिया गया है। श्रमिकों को उनके काम का भुगतान अब मात्र 7 दिनों के भीतर सीधे उनके खाते में कर दिया जाएगा इसी तरह कृषि कार्यों के लिए 60 दिनों की छुट्टी का प्रावधान किया गया है, जिसे राज्य सरकारें अपने मौसम और फसल चक्र के अनुसार तय कर सकेंगी।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता दीपक ने कहा कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने और भ्रष्टाचार रोकने के लिए बायोमेट्रिक हाजिरी, एआई और ऑनलाइन मॉनिटरिंग का उपयोग किया जाएगा। राज्यांश में बदलाव से राज्यों की जवाबदेही बढ़ेगी। विपक्ष शासित राज्यों में मनरेगा के कार्यान्वयन पर सवाल उठे हैं। कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में सोशल ऑडिट के दौरान गंभीर अनियमितताएँ और भ्रष्टाचार पाया गया है। दीपक ने तंज कसते हुए कहा कि जिस कांग्रेस ने देश की 600 से अधिक योजनाओं और संस्थानों का नाम एक ही परिवार (गांधी परिवार) के नाम पर रखा हो, उसे 'राम' नाम से आपत्ति शोभा नहीं देती।

## नया रायपुर के मिनी मार्केट में लगी आग, कई दुकानें खाक



**रायपुर, 11 जनवरी।** नया रायपुर के सेक्टर-28 स्थित मिनी मार्केट में अचानक आग भड़क उठी. आग लगते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई. देखते ही देखते आग ने कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया. आग की चपेट में किराना स्टोर, कपड़ों की दुकान सहित कई अन्य दुकानें आकर जलकर खाक हो गई. सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीमें मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने में जुट गया है. दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं और आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है. हालांकि, स्थानीय लोगों का आरोप है कि सूचना दिए जाने के करीब एक घंटे बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची, जिससे नुकसान और बढ़ गया. इस देरी को लेकर स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है. फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है और प्रशासन द्वारा स्थिति पर नजर रखी जा रही है.

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26